महानगर नई दिल्ली शुक्रवार 14 जून, 2019, रु. 5.00 (14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

## चीनी राष्ट्रपति के साथ बैठक में मोदी ने कहा

# पहले आतंकवाद रोके पाक, तभी होगी बात

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 जून।

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई शिखर सम्मेलन (एससीओ) में हिस्सा लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता के दौरान पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का मुद्दा उठा। भारत ने पड़ोसी मुल्क की घेराबंदी करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने इस मुद्दे पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। भारत ने चीन से कहा कि जब तक पाकिस्तान आतंक के खिलाफ कड़े कदम नहीं उठाता, उससे बातचीत बेमानी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शी से कहा, 'भारत चाहता है कि पाकिस्तान आतंकवाद मुक्त क्षेत्र बनाने की कोशिश करे, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है। भारत चाहता है कि पाकिस्तान इस पर कोई ठोस कार्रवाई करे। इसके बाद ही बातचीत का माहौल बनेगा।' इस बैठक के बाद मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच त्रिपक्षीय मुलाकात भी हुई।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस बैठक में तय हुआ कि नवंबर में भारत-चीन के राष्ट्राध्यक्षों के बीच अनौपचारिक द्विपक्षीय वार्ता होगी, इसकी जगह और समय का अभी फैसला नहीं हुआ है। दोनों नेताओं बाकी पेज 8 पर



बिश्केक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग हाथ मिलाते हुए।

**आतंकवाद** पर पाकिस्तान ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया : मोदी

**नवंबर** में भारत-चीन के राष्ट्राध्यक्षों के बीच अनौपचारिक द्विपक्षीय वार्ता होगी

**मोदी**, पुतिन और जिनपिंग के बीच अलग से त्रिपक्षीय मुलाकात

### पुतिन से भी की मुलाकात

नई दिल्ली, 13 जून (जनसत्ता ब्यूरो)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपसी संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। पिछले महीने भारत में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जबरदस्त जीत के बाद मोदी के दोबारा प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया, 'विशेष साझेदार, विशेष संबंध। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से बिश्केक में एससीओ सम्मेलन से इतर मुलाकात की। रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की।'

एएन-32 विमान हादसा

# सभी 13 जवानों के शव मिले

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 जून।

वायुसेना ने अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में दुर्घटनाग्रस्त हुए वायुसेना के मालवाहक विमान एएन-32 विमान में सवार सभी 13 लोगों के मारे जाने की आधिकारिक पुष्टि कर दी है। अरुणाचल के घने पर्वतीय इलाके में गुरुवार की सुबह बचावकर्मियों की 15 सदस्यीय टीम ने विमान का मलबा तलाश लिया।

वायुसेना के प्रवक्ता के मुताबिक, मौके पर पहुंचे बचाव दल को विमान में सवार कोई भी व्यक्ति जीवित नहीं बचा। विमान का ब्लैक बॉक्स खोज निकाला गया है। इस हादसे में मारे गए सभी जवानों व अफसरों के परिवार को इसकी सूचना दे दी गई है। बचाव टीम ने सभी 13 शवों को ढूंढ बाकी पेज 8 पर

### हरियाणा के सपूतों के घर मातम छाया

फरीदाबाद/पलवल, 13 जून (भाषा)।

भारतीय वायुसेना के दुर्घटनाग्रस्त एएन-32 विमान हादसे में शहीद होने वालों में फरीदाबाद के रहने वाले फ्लाइट लेफ्टिनेंट राजेश थापा और पलवल निवासी आशीष तंवर भी शामिल थे। इस सूचना के बाद फरीदाबाद के सेक्टर-23 के मकान नंबर 169 में मातम छा गया।

सेक्टर-23 निवासी 26 वर्षीय फ्लाइट लेफ्टिनेंट राजेश थापा मूलरूप से नेपाल के रहने वाले हैं। उनकी दादी रामा माया थापा ने बताया कि राजेश जब दो साल का था तो वे उसे नेपाल से अपने साथ फरीदाबाद ले आई थीं। राजेश ने सेंट जोंस स्कूल से अपनी पढ़ाई की थी। इस समय उनकी तैनाती असम के जोरहाट में थी। उनकी मौत की पुष्टि के बाद से घर में मातम है।

**पंकज** जुलाई 2015 में वायुसेना में भर्ती हुए और एअर ट्रैफिक सर्विस में तैनात थे। पंकज माता-पिता की इकलौती संतान थे और असम के जोरहट एअरबेस में तैनात थे।

इसी तरह, गोहाना के कोहला गांव के पकंज सांगवान भी दुर्घटनाग्रस्त हुए एएन-32 विमान में सवार थे। वायुसेना द्वारा इस विमान में सवार पंकज सहित सभी 13 लोगों की मौत की पुष्टि के बाद पूरा गांव सदमे में हैं। हालांकि, पंकज के माता-पिता व दादा को इस बात की खबर अभी तक नहीं दी गई है।

# सरकार ने ईएसआइ अंशदान को घटाकर चार फीसद किया

नई दिल्ली, 13 जून (भाषा)।

केंद्र सरकार ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइ) के स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम में नियोक्ता एवं कर्मचारियों के कुल अंशदान को 6.5 फीसद से घटाकर चार फीसद करने का फैसला किया है। इससे 12.85 लाख नियोक्ताओं को हर साल 5,000 करोड़ रुपए की बचत होगी एवं 3.6 करोड़ कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि घटी हुई दरें इस साल एक जुलाई से प्रभावी होंगी। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने ईएसआइ कानून के अंतर्गत एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अंशदान की दर 6.5 फीसद से घटाकर चार फीसद (नियोक्ता का अंशदान 4.75 फीसद से घटाकर 3.25 फीसद और कर्मचारी का अंशदान 1.75 फीसद से घटाकर 0.75 फीसद) करने का फैसला किया है। करीब 12.85 लाख नियोक्ताओं और 3.6 करोड़ कर्मचारियों ने वित्त वर्ष 2018-19 में ईएसआइ योजना में 22,279 करोड़ रुपए का अंशदान किया।

ऐसे में आकलन किया जाए तो यह बात निकलकर समझ में आती है कि अंशदान की दर में कमी से इन कंपनियों को सालाना कम से कम 5,000 करोड़ रुपए की बचत होगी। बयान में कहा गया है कि अंशदान की घटी हुई दर से कामगारों को बहुत राहत मिलेगी और इससे और अधिक कामगारों को ईएसआई योजना के अंतर्गत नामांकित कर पाना तथा ज्यादा से ज्यादा श्रमिक बल को औपचारिक क्षेत्र के अंतर्गत लाना सुगम हो सकेगा।

कर्मचारी राज्य बीमा कानून, 1948 (ईएसआई कानून) इस कानून के अंतर्गत बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा, नकदी, मातृत्व, निशक्तता और आश्रित होने के लाभ प्रदान करता है। ईएसआई कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) द्वारा प्रशासित है। ईएसआइ कानून के बाकी पेज 8 पर

**12.85** लाख नियोक्ताओं को हर साल 5,000 करोड़ रुपए की बचत होगी एवं 3.6 करोड़ कर्मचारी लाभान्वित होंगे।




**3.6** करोड़ कर्मचारियों और12.85 लाख नियोक्ताओं ने 2018-19 में ईएसआइ योजना में 22,279 करोड़ रुपए का अंशदान किया।

# पोम्पिओ बोले, 'मोदी है तो मुमकिन है'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 जून।

जी20 शिखर सम्मेलन से पहले भारत की यात्रा पर आ रहे अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ यहां अपने समकक्ष एस जयशंकर के साथ सामरिक साझेदारी के महत्त्वाकांक्षी एजंडे पर चर्चा करेंगे। खासतौर पर सशस्त्र यूएवी और बैलेस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणालियों के सौदे के अलावा ऊर्जा और अंतरिक्ष कार्यक्रमों को लेकर भी वे यहां बात करेंगे। वे यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलेंगे।

वाशिंगटन से मिली खबरों के मुताबिक, अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने भाजपा के चुनावी नारे 'मोदी है तो मुमकिन है' का जिक्र करते हुए भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को अगले मुकाम पर ले जाने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को 'मुक्त और खुला' सुनिश्चित करने सहित आगे बढ़ने के लिए दोनों प्रमुख लोकतांत्रिक देशों के पास अद्वितीय अवसर है। पोम्पिओ 24 से 30 जून तक हिंद-प्रशांत क्षेत्र के चार देशों- भारत, श्रीलंका, जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे। भारत के बाद वे श्रीलंका जाएंगे। अमेरिका की हिंद-प्रशांत क्षेत्र को कारोबार के लिए मुक्त और खुला बनाने के एजंडे को लेकर बाकी पेज 8 पर



**भारत** यात्रा में मोदी और जयशंकर से सामरिक साझेदारी पर अमेरिकी विदेश मंत्री करेंगे बात

## मध्य प्रदेश के शहीद के परिजनों को एक करोड़ की मदद

भोपाल/लखनऊ, 13 जून (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकवादी हमले में बुधवार को शहीद हुए मध्य प्रदेश के देवास जिले के जवान संदीप यादव के परिजनों को राज्य की कांग्रेस सरकार एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद देने के साथ-साथ उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं आवास मुहैया कराएगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हमले में शहीद हुए प्रदेश के दो जवानों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को मृतक आश्रित के तौर पर सरकारी नौकरी देने की घोषणा भी की है। योगी ने कहा कि शहीदों की स्मृति में इनके गृह जनपद में एक सड़क का नामकरण भी इनके नाम पर किया जाएगा।



**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हमले में शहीद हुए प्रदेश के दो जवानों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

मध्य प्रदेश के जनसंपर्क विभाग ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शहीद संदीप यादव के परिजनो को एक करोड़ की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। इसके अलावा, उनके परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और आवास भी दिया जाएगा। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्य प्रदेश को सीआरपीएफ के शहीद जवान संदीप यादव पर गर्व है।

## धोखाधड़ी मामले में पोंटी चड्ढा का बेटा मनप्रीत गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 जून।

दिवंगत शराब कारोबारी पोंटी चड्ढा के बेटे मनप्रीत सिंह चड्ढा को धोखाधड़ी के एक मामले में यहां दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया। यहां की एक अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (आर्थिक अपराध शाखा) सुवाशीष चौधरी ने इसकी पुष्टि की। गिरफ्तारी के समय आरोपी मनप्रीत फुकेट (थाईलैंड) के लिए रवाना हो रहे थे।

पुलिस के मुताबिक मनप्रीत को लेकर हवाईअड्डे के सुरक्षाकर्मियों और आव्रजन अधिकारियों को सतर्क कर दिया गया था और उनके खिलाफ एक 'लुक आउट सर्कुलर' भी जारी था। मनप्रीत उप्पल-चड्ढा हाई टेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं। मनप्रीत और वेव समूह के अन्य प्रमोटरों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। वेव समूह ने एनएन-24 के बाकी पेज 8 पर



स्थानीय अदालत ने मनप्रीत को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

## खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की तैयारी में भारत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 13 जून।

भारत खुद का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की महत्त्वाकांक्षी योजना पर काम करने की तैयारी कर रहा है। भारत ने इस परियोजना के लिए 2030 तक का लक्ष्य रखा है। 20 टन का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया जाएगा और इसके लिए भारत माइक्रोग्रेविटी (सूक्ष्य गुरुत्व) के प्रयोग करेगा। इस बारे में गगनयान मिशन पूरा होने के बाद विस्तार से काम किया जाएगा। इसके अलावा भारत सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को मिशन चंद्रयान-2 के बाद सूर्य और शुक्र तक यान भेजने की योजना का खाका बनाने की मंजूरी प्रदान कर दी है।

अंतरिक्ष विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और इसरो के प्रमुख के सिवन ने गुरुवार को संयुक्त रूप से अंतरिक्ष स्टेशन परियोजना के बारे में ऐलान किया। यह महत्त्वाकांक्षी परियोजना गगनयान मिशन का विस्तार होगी।

सिवन के मुताबिक, 'हमें मानव अंतरिक्ष मिशन लांच करने के बाद गगनयान कार्यक्रम को बनाए रखना होगा और इस संदर्भ में भारत खुद का अंतरिक्ष स्टेशन तैयार करने की योजना बना रहा है।' इसको बनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि भारत के अंतरिक्ष यात्री 15-20 दिन अंतरिक्ष में गुजार सकें।

इसरो प्रमुख ने बताया कि अभी सिर्फ अमेरिका, रूस और चीन का ही अपना अंतरिक्ष स्टेशन है। 2022 में मानव सहित यान को अंतरिक्ष में भेजने से पहले दो मानव रहित यान अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे।

फिलहाल इसरो का पूरा ध्यान भारत चंद्रमा पर दूसरे मिशन चंद्रयान-2 पर है। चंद्रयान-2 अगले महीने 15 जुलाई को उड़ान भरेगा और चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरेगा। चंद्रयान-1 को दस साल पहले लांच किया गया था।

**सरकार** ने इसरो को मिशन चंद्रयान-2 के बाद सूर्य और शुक्र तक यान भेजने की योजना का खाका बनाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। चंद्रयान-2 अगले महीने 15 जुलाई को उड़ान भरेगा और चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरेगा।



## हारने के बाद मीसा ने सांसद निधि की योजनाएं वापस लीं

पटना, 13 जून (भाषा)।

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की पुत्री और राज्यसभा सदस्य मीसा भारती ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों में पाटलिपुत्र सीट पर मिली हार के तुरंत बाद अपनी सांसद निधि से 15 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की मंजूरी वापस ले ली।

मीडिया के एक हिस्से में आई खबरों के अनुसार, जुलाई 2016 में राज्यसभा सांसद चुनी गईं मीसा ने अपने कार्यकाल के शुरुआती वर्षों में अपनी सांसद निधि का इस्तेमाल नहीं किया। किसी संसद सदस्य को अपने निर्वाचन क्षेत्र में विकास कार्य करने के लिए सांसद निधि योजना के तहत हर साल पांच करोड़ रुपए आबंटित किए जाते हैं।

खबरों के अनुसार, आम चुनावों से पहले मीसा ने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले पटना के ग्रामीण इलाके में विकास कार्य करने के लिए अपने फंड से उक्त राशि दी थी, जिसे अब उन्होंने वापस ले लिया है। मीसा को हालिया लोकसभा चुनावों में भाजपा नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राम कृपाल यादव ने हराया था।

योजना विभाग के एक अधिकारी ने अपने नाम का बाकी पेज 8 पर

**अचानक** लिए फैसले से योजना विभाग के अधिकारी परेशान



### दरअसल





केदारनाथ पहुंचे सबसे ज्यादा दर्शनार्थी | आंकड़े | बदरीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री में भी श्रद्धालुओं का तांता

# चार धाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या का रेकार्ड टूटा

सुनील दत्त पांडेय
देहरादून, 13 जून।

इस बार उत्तराखंड के चार धामों और हेमकुंड साहिब में तीर्थयात्रियों की संख्या रेकार्ड तोड़ रही है। हेमकुंड साहिब समेत उत्तराखंड के चार धामों गंगोत्री-यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ में 17 लाख 15 हजार 413 तीर्थयात्री एक महीने में ही पहुंच चुके हैं। यह एक रेकार्ड है। जबकि पिछले साल चारधाम यात्रा सीजन के शुरुआती 30 दिनों में चारों धामों में 11 लाख 10 हजार 777 तीर्थयात्री ही आए थे। पिछले साल के मुकाबले इस साल 30 दिनों में छह लाख चार हजार 636 तीर्थयात्री ज्यादा आए हैं। पिछले साल पूरे चारधाम यात्रा सीजन के दौरान कुल 27 लाख 81 हजार 428 तीर्थयात्री आए थे। यह जानकारी उत्तराखंड के पर्यटन विभाग की नोडल अधिकारी सीमा शर्मा ने दी।




**हेमकुंड साहिब** और चार धामों गंगोत्री-यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ में 17 लाख 15 हजार 413 तीर्थयात्री एक महीने में ही पहुंच चुके हैं। यह एक रेकार्ड है।

रूद्रप्रयाग के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अनुसुया प्रसाद मलासी का कहना है कि चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की तादाद बढ़ने का प्रमुख कारण इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केदारनाथ और बदरीनाथ में आना तथा चारों धामों में कपाट खुलने के बाद भी जमकर बर्फबारी होना है। गर्मियों में मैदानी क्षेत्रों से पर्यटक ठंड का आनंद लेने के लिए चारों धामों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। क्योंकि इन चारों धामों के कई यात्रा मार्ग में अभी भी चार से पांच फुट तक बर्फ जमी हुई है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह केदारनाथ में ध्यान गुफा में तपस्या की और केदारनाथ मंदिर में बड़े भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की, उससे केदारनाथ की यात्रा का जमकर प्रचार हुआ। टिहरी के रहने वाले सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र दुमोगा का कहना है कि केंद्र सरकार ने दो साल से केदारनाथ में निर्माणाधीन ऑल वेदर रोड का जिस तरह से प्रचार किया, उससे देश-विदेश में यह संदेश गया कि अब उत्तराखंड के चारों धामों जाने में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। यह सड़क पूरी न होने के कारण यहां आए तीर्थयात्रियों को भले ही परेशानी का सामना करना पड़ा, परंतु चारों धामों के दर्शन की लालसा उन्हें यहां खींच बाकी पेज 8 पर

जनसत्ता



# आतंक की चुनौती

जब भी इस बात के संकेत मिलने लगते हैं कि अब आतंक से त्रस्त कश्मीर में शांति की कोशिशें सकारात्मक रास्ते की ओर जा सकती हैं, तभी आतंकी संगठनों की ओर से कुछ न कुछ ऐसा कर दिया जाता है, जो समूची कवायदों को भटका देता है। बुधवार को एक बार फिर जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकी हमला हुआ। इससे साफ है कि समस्या के ठोस समाधान की स्थिति पैदा होने से पहले ही आतंकी गिरोह उसे बाधित कर देते हैं। हालांकि जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहले ही आम लोगों की आवाजाही वाली जगहों, खासकर बस स्टैंड पर हमले की चेतावनी साझा की थी। इसके बावजूद अनंतनाग के केपी रोड पर मौजूद एक व्यस्त बस स्टैंड पर आतंकियों ने दिनदहाड़े हमला किया और उन्हें रोकने की पूर्व तैयारी नहीं थी। इस हमले में सीआरपीएफ के पांच जवान शहीद हो गए और तीन अन्य जवान घायल हो गए। हमला होने के बाद जब सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई शुरू की, तो एक आतंकी भी मारा गया।

इस हमले की जिम्मेदारी एक आतंकी गुट अल-उमर मुजाहिदीन ने ली है, जिसे पिछले काफी समय से निष्क्रिय माना जा रहा था। लेकिन जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों पर नजर रखने वाले अधिकारियों ने इस हमले के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का हाथ होने की आशंका जताई है। छिपी बात नहीं है कि घाटी में आतंकवादी संगठनों का एक बड़ा नेटवर्क काम करता है और अलग-अलग चेहरों के साथ हमलों को अंजाम देने और भ्रम पैदा कर सुरक्षा बलों का ध्यान भटकाने की कोशिश करता है। पिछले कुछ समय से जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को केंद्र में रख कर राज्य में आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं। लेकिन अगर पिछले कुछ समय से निष्क्रिय पड़ा कोई संगठन यह दावा करता है, तो उसे भी नजरअंदाज करने की जरूरत नहीं है, भले उसका मकसद महज चर्चा में आना हो। हालांकि राज्य की प्रतिकूल परिस्थितियों में काम करने वाले सुरक्षा बल वहां की जटिलता को ज्यादा बेहतर समझते हैं और उसी के मुताबिक काम करते हैं। मगर जब खुफिया सूचना के बावजूद आतंकी हमले में हमारे पांच जवानों की जान चली जाती है, तो यह सवाल स्वाभाविक है कि सावधानी में चूक कहां हुई!

अक्सर देखा गया है कि जब भी हालात सामान्य होने लगते हैं, तो आतंकी हमले के जरिए एक खास तरह का संदेश देने की कोशिश की जाती है। जाहिर है, वे हमेशा आतंक और अराजकता के हालात बनाए रखना चाहते हैं, ताकि स्थानीय जनता के बीच उन्हें लेकर एक भ्रम बना रहे। इसके पीछे सीमा पार से आतंकवादी संगठनों को मिल रही शह से इनकार नहीं किया जा सकता। खासकर पाकिस्तान स्थित ठिकानों से आतंकी गतिविधियां संचालित करने वाले संगठनों पर लगाम लगाने का सवाल कई बार उठा है। लेकिन इस दिशा में अब तक पाकिस्तान ने ठोस कदम नहीं उठाए। यों कहने को वह अक्सर कहता है कि अपनी सीमा से आतंकी गतिविधियां चलाने की इजाजत नहीं देगा, लेकिन हकीकत किसी से छिपी नहीं है। पुलवामा हमले में बयालीस जवानों की शहादत के बाद माना जा रहा था कि सुरक्षा-व्यवस्था से लेकर खुफिया-तंत्र को इतना मजबूत और सक्रिय किया जाएगा कि वैसी घटना दोबारा न हो। पर ताजा हमले से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि राज्य में फिलहाल आतंकवादियों को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए।

# महंगाई की रफ्तार

मुद्रास्फीति के ताजा अंकड़ों में खाने-पीने की वस्तुओं में महंगाई की दर कुछ बढ़ी हुई दर्ज हुई है। मई महीने में बढ़ कर यह 3.05 फीसद पर पहुंच गई। यह आंकड़ा केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय की तरफ से जारी किया गया है। पिछले सात महीनों में इसे सबसे ऊंची दर बताया जा रहा है। अप्रैल में खुदरा वस्तुओं में महंगाई की दर 2.99 फीसद थी, जिसके नीचे गिर कर 2.92 फीसद पर रहने का अनुमान लगाया गया था। मगर वह अनुमान विफल हुआ। खुदरा वस्तुओं में मुद्रास्फीति बढ़ने से आम लोगों को खाने-पीने की वस्तुओं पर अधिक खर्च करना पड़ता है। स्वाभाविक ही इससे न सिर्फ लोगों की जेबों, बल्कि बाजार पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। मगर पिछले साल की इसी अवधि में मुद्रास्फीति की दर को देखें, तो यह 4.87 थी। उसके बाद पिछले साल अक्तूबर में यह दर घट कर 3.38 फीसद पर पहुंच गई थी। इससे तुलना करें, तो पिछले महीने की खुदरा मुद्रास्फीति दर में वृद्धि को चिंताजनक नहीं कहा जा सकता। मगर सरकार जिस तरह महंगाई की दर पर काबू पाने को लेकर गंभीर है, उसमें यह वृद्धि उसे सोचने पर विवश जरूर करती है।

अप्रैल-मई का महीना खाने-पीने की वस्तुओं के लिहाज से बहुत महंगा नहीं माना जाता, क्योंकि इस मौसम में गेहूं, आलू, प्याज, दालों आदि की बाजार में आवक भरपूर रहती है। सब्जी, खाद्य तेल आदि के मामले में भी किसी तरह की किल्लत नहीं होती। पिछले दो महीनों में मौसम भी खराब नहीं रहा, जिससे कि फसलों पर बुरा असर पड़ा हो। ऐसे में महंगाई की दर कुछ बढ़ी हुई दर्ज हुई है, तो चिंता की बात कही जा सकती है। मगर इसकी कुछ वजहें भी समझी जा सकती हैं। पिछले कुछ समय से डीजल और पेट्रोल की कीमतें लगातार बढ़ी हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़त पर है। फिर ईरान से तेल न खरीद पाने की अमेरिकी बंदिश भी है। सरकार ने कुछ महीने से तेल की कीमतों में वृद्धि को लेकर जो हाथ रोक रखा था, उसे चुनाव बाद खोल दिया है। जाहिर है, जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका असर माल ढुलाई पर पड़ता है और जब माल ढुलाई का किराया बढ़ता है, तो उसका असर खुदरा वस्तुओं की कीमतों पर पड़ता है। मुद्रास्फीति के ताजा अंकड़ों के पीछे यह एक बड़ा कारण माना जा सकता है।

हालांकि महंगाई की दर केवल फसलों की आवक, डीजल-पेट्रोल की कीमतों पर निर्भर नहीं होती। इसमें लोगों की क्रयशक्ति, बाजार में पूंजी का प्रवाह आदि तत्त्व भी काम करते हैं। छिपी बात नहीं है कि कुछ समय से इन दोनों पहलुओं पर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इसीलिए केंद्रीय बैंक ने इस महीने अपनी मौद्रिक नीति में बदलाव करते हुए रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती की। निश्चय ही खुदरा बाजार पर भी इसका सकारात्मक असर नजर आएगा। फिर खेतों से बाजार तक वस्तुओं की समुचित पहुंच न हो पाने से भी खुदरा बाजार की कीमतों में असंतुलन पैदा होता है। कई बार देखा जाता है कि एक ही वस्तु की कीमत में ग्रामीण और शहरी बाजार में भारी अंतर होता है। यह सिर्फ ढुलाई की कीमत बढ़ने की वजह से नहीं, बल्कि कृषि उत्पाद के विपणन की उचित व्यवस्था न होने के कारण भी होता है। महंगाई की दर पर काबू पाने के लिए कृषि उत्पाद की बाजार तक सही ढंग से पहुंच बनाने और भंडारण आदि की सुविधाओं पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत होती है।

## कल्पमेधा

हिंसा और बल प्रयोग अपने पीछे घृणा और दुश्मनी के भाव छोड़ जाते हैं।
-थॉमस ब्राउन

# शिक्षा नीति और भाषा का सवाल

कौशलेंद्र प्रपन्न


**स्कूली बच्चों का एक बड़ा हिस्सा पढ़ने, अक्षर ज्ञान, लिखने आदि कौशल में पिछड़ रहा है। वे भाषायी पठन, समझ और लेखन कौशल से महरूम रह जा रहे हैं। यही बच्चे जब कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में जाते हैं तो या तो भाषा-अध्ययन छोड़ देते हैं या फिर भाषा एवं साहित्य अध्ययन में रुचि नहीं लेते।**

बहुभाषी समाज में हमारी मातृभाषा के अलावा क्षेत्र और राज्य की भाषा भी समाहित होती है। इन्हें अलग कर हम एक धनाढ्य भाषायी परिवार की कल्पना नहीं कर पाएंगे। इन्हें हम विभिन्न शैक्षिक नीतियों और समितियों की संस्तुतियों में भी देख-पढ़ सकते हैं, चाहे त्रिभाषा सूत्र हो या फिर भाषा शिक्षण के प्रति शिक्षाविदों की समीक्षा। इन तमाम दस्तावेजों की रोशनी में देखने की कोशिश करें तो पाएंगे कि 1964-66 की कोठारी समिति में प्रस्तावित त्रिभाषा सूत्र कहीं न कहीं प्रकारांतर से बहुभाषायी परिवेश को मजबूत करने पर बल देता है। भाषा आधारित विमर्श समय-समय पर शैक्षणिक जमीन पर उगते रहे हैं। यदि सावधानी एवं पूर्वाग्रह से हट कर इनकी समीक्षा नहीं की गई और कार्यान्वयन की योजना बना ली तो समस्याएं खड़ी होती हैं। आजादी के बाद और खासकर 1960 के आसपास भाषा को आधार बना कर हुआ देशव्यापी संघर्ष इतिहास में दर्ज है। उसमें एक राज्य या खास भाषा को जब दूसरे राज्यों को भी पढ़ने-लिखने, बोलने के लिए प्रस्तावित किया गया तो उसका विरोध कुछ राज्यों ने किया था।

सन 1986 में हमारी शिक्षा नीति बनी थी। उसके बाद हमारे पास ताजा और समयानुसार शैक्षणिक नीति की आवश्यकता थी। इसमें पूर्व में 2015 से काम होना शुरू हुआ था। हाल ही में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मसौदा विद्वत समाज को सौंपा जा चुका है। इसमें पूर्व में हिंदी भाषा को अन्य राज्यों में भी पढ़ने-पढ़ाने की वकालत की गई थी, जिस पर व्यापक प्रतिक्रियाएं आने लगीं। इन विमर्शों में विरोध के स्वर हिंदी के प्रति तो थे ही। लेकिन यदि कल्पना करें कि हिंदी के स्थान पर संस्कृत, पंजाबी, गुजराती आदि भाषा भी रखी जाती तो विरोध तो उठते ही, बेशक वह राज्य कोई और होता। यदि मंथन करें तो पाएंगे कि भाषाओं को लेकर अपनी-अपनी धारणाएं हर समाज में रही हैं। ऐसे में इस तरह के मामलों में सावधानी और विवेकपूर्ण निर्णय लेना अपेक्षित होता है। तभी इस मसौदे से हिंदी शिक्षण की अनिवार्यता को हटा दिया गया। यदि व्यापक परिदृश्य में समझने की कोशिश करें तो पाएंगे कि भाषाएं हमारे समाज को जोड़ने में एक मजबूत सूत्र के रूप में अपनी भूमिका निभाती हैं। इस सूत्र को पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर इस्तेमाल करने की आवश्यकता है।

प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण पर बहुत कम सुझाव और रणनीतियां इस शिक्षा नीति में नजर आती हैं। एक बड़ा हिस्सा- 'बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षाः सीखने की बुनियाद' (ईसीसीई) पर खर्च किया गया है। गौरतलब है कि ईसीसीई को शिक्षा के अधिकार अधिनियम से बाहर रखा गया था। इसे भी आरटीई का हिस्सा बनाया जाए, इसको लेकर पिछले छह-सात वर्षों से विभिन्न संस्थाएं वकालत कर रही हैं। आंगनबाड़ी, प्राथमिक स्कूल पूर्व और पूर्व प्राथमिक स्कूलों के साथ कैसे बाल्यावस्था देखभाल एवं रखरखाव को जोड़ा जाए, इस पर यह मसौदा शिद्दत से विमर्श करता है।

भाषायी विमर्श कहीं न कहीं हमें अपनी भाषा-बोली-बानी से जोड़ता है। हमें एक ऐसे बहुभाषी समाज का हिस्सा बनाता है जहां भाषाओं की छटाएं पग-पग पर सुनने, बोलने और पढ़ने को मिलती हैं। भारत की यात्रा पर निकलें तो कुछ-कुछ किलोमीटर पर भाषायी विविधताओं का दर्शन होता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि बहुभाषी समाज में जीने वाले व्यक्ति की अभिव्यक्ति क्षमता उसके जीवन के हर क्षेत्र में देखी-सुनी जा सकती है। इस बहुभाषी समाज को बचाए रखने के लिए जरूरी है कि बच्चों को स्कूली शिक्षा से लेकर कॉलेज और विश्वविद्यालयी शिक्षा में बहुभाषायी दक्षता को सीखने का अवसर मिले। हालांकि कई रिपोर्ट हमें समय-समय पर ताकीद करती रही हैं कि हमारे समाज से रोज कोई न कोई भाषा-बोली खत्म हो रही है। बोलियों का लुप्त होना एक गंभीर संकेत है। यह दीगर बात है कि फिर भी हम अपनी भाषा बोली को बचाने, संरक्षण करने, सीखने-सिखाने के प्रति कोई खास गंभीर नजर नहीं आते। इसका एक प्रमाण तो यही है कि हर साल यू-डाइस, असर, पीसा, जीईएमआर आदि की रिपोर्ट इस ओर इशारा करती हैं कि हमारे बच्चों में भाषायी कौशल दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। हमारे बच्चे स्कूली स्तर पर भाषा का बुनियादी कौशल भी हासिल नहीं कर पा रहे हैं। स्कूली बच्चों का एक बड़ा हिस्सा पढ़ने, अक्षर ज्ञान, लिखने आदि कौशल में पिछड़ रहा है। भाषायी पठन, समझ और लेखन कौशल से महरूम रह जा रहे हैं। यही बच्चे जब कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में जाते हैं तो या तो भाषा-अध्ययन छोड़ देते हैं या फिर भाषा एवं साहित्य अध्ययन में रुचि नहीं लेते।



राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रारूप-2019 बड़ी शिद्दत से भाषा शिक्षण, सीखने-सिखाने और बहुभाषा को संरक्षित करने पर जोर देता है। स्कूली स्तर पर बच्चों को किस प्रकार भाषा पढ़ाएं-सिखाएं, इसे लेकर इस प्रारूप के अध्याय-2 में 2025 तक पांचवीं कक्षा एवं उससे ऊपर के सभी विद्यार्थियों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान अर्जित करने की बात कही गई गई है। इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए बच्चों को उनकी मातृभाषा, घर की भाषा, स्थानीय भाषा में शिक्षा दिए जाने पर जोर है। उस अध्याय में नीति स्पष्ट करती है कि किसी भी बच्चे पर अन्य भाषा सीखने के लिए कोई दबाव नहीं बनाया जाएगा, बल्कि बच्चों को उनकी मातृभाषा, घर की भाषा, स्थानीय भाषा में सीखने-सिखाने के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इस नीति का मानना है कि बच्चे अपनी मातृभाषा में किसी भी विषय को सहज और रुचि से जल्द सीखते हैं। बच्चों को अपनी भाषा के चुनाव के अवसर भी मिलेंगे, खासकर पांचवीं के बाद और आठवीं कक्षा में अपनी भाषा बदल सकते हैं।

इस नीति में भाषा के चुनाव में लचीलापन रखा गया है। यदि और विस्तार से समझने की कोशिश करें तो पाएंगे कि बच्चों को भाषा सिखाने के लिए जरूरी भाषायी माहौल प्रदान करने वाला प्रावधान भी है कि पहली, दूसरी और तीसरी कक्षाओं में हर दिन गणित और पढ़ने के घंटे एवं चौथी व पांचवीं कक्षा के लिए एक अतिरिक्त घंटा लेखन के लिए तय किया जाए। वर्ष में कई बार भाषा मेला एवं गणित मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित हों। साप्ताहिक रूप से भाषा एवं गणित केंद्रित स्कूल सभा हो और भाषा एवं गणित संबंधी गतिविधियों के माध्यम से लेखकों और गतिणज्ञों की वर्षगांठ आदि को उत्सवों के रूप में मनाया जाए।

भाषायी सरोकार को अमलीजामा पहनाने के लिए यह दस्तावेज मानता है कि भाषा-शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। दस्तावेज के अध्याय-22 में कहा गया है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में भाषा संकाय की स्थापना की जाएगी, जिनकी जिम्मेदारी होगी कि भाषा शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करें। ये प्रशिक्षित शिक्षक देश के विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं देंगे। नई शिक्षा नीति के इस दस्तावेज के अनुसार तमाम भारतीय भाषाओं के विकास और संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके तहत उच्च शिक्षा संस्थानों में शास्त्रीय भारतीय भाषाओं और साहित्य को आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं बनानी चाहिए। पाली, फारसी व प्राकृत भाषाओं के लिए एक राष्ट्रीय संस्था स्थापित की जाएगी। समग्रता में समझने की कोशिश करें तो नीति के स्तर पर भाषा, बहुभाषिकता, भाषा-शिक्षा-शिक्षण आदि पर विशेष बल दिया गया है। हालांकि भाषा शिक्षण इस नीति का एक पक्ष है। इसके अलावा पेशेवर शिक्षक तैयार करना, उनकी कार्यदक्षता और बेहतर शिक्षक बनाने जैसी योजनाओं का जिक्र इसमें है। योजना, नीति आदि के स्तर पर यह दस्तावेज पहली नजर में पूर्ण नजर आता है। लेकिन स्कूलों से लेकर कॉलेज, विश्वविद्यालयों तक में जिस भारी तादाद में शिक्षकों की कमी है, उस सूरत में अलग से भाषा शिक्षकों की नियुक्ति का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं दिखता। एक ओर जब हम पूर्व के रिक्त पदों को नहीं भर पा रहे हैं, ऐसे में नए पदों को कब और कैसे भरेंगे, यह बड़ा सवाल है।

# नशे की राह

## दुनिया मेरे आगे

वंदना तिवारी

महानगरीय सभ्यता और संस्कृति धीरे-धीरे इतनी डरावनी और विकृत हो रही है कि मनुष्यता का दम घुट जाए। किसी भी समाज का भविष्य वहां के युवा होते हैं। आज युवाओं के बीच नशे का प्रचलन आम है। यह तब और भी दुखद हो जाता है जब इस तरह के नशे के केंद्र विश्वविद्यालय या शैक्षणिक संस्थान भी पाए जाते हैं। पिछले करीब दस सालों के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर के आसपास शराबखाने, बीयर बार, हुक्का बार आदि की काफी दुकानें खुल चुकी हैं। यह फैशनपरस्ती का नया मुकाम है। तेज आवाज, जिसे शोर कहना ज्यादा सही होगा। कम कपड़ों को आधुनिकता मान कर नशे में झूमते शरीर और भटकते मन अक्सर इन जगहों पर दिखाई देते हैं। स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों के भीतर भविष्य के सुनहरे रंग भरे जाते हैं। लेकिन आजकल स्कूल और कॉलेज के छात्र और छात्राओं की ऐसी बड़ी तादाद है जो नशे के दलदल में फंसती जा रही है।

नशा शब्द की उत्पत्ति 'नाश' शब्द से हुई है। इस अर्थ की सापेक्षता में हम अंदाजा लगा सकते हैं कि इसका कुप्रभाव कितना गहरा और भयानक होगा। नशे के प्रति युवाओं का आकर्षण सहज न होकर कई बार फैशन के रूप में सामने आता है। शुरुआत में हम नकल करते हुए किसी नशे का स्वाद लेने की कोशिश करते हैं। उसमें दिलचस्पी जगने के बाद हम अक्सर उसका इस्तेमाल करने लगते हैं। धीरे-धीरे वह हमारी आदत में शुमार हो जाता है। संबंधों का अपनापन युवाओं में कमतर हो रहा है। तकनीकी वस्तुओं पर आधारित संवेदनाओं का आदान-प्रदान हमें मानवीय नहीं, मशीनी जीवन में परिवर्तित कर देता है।

संवेदनाएं और उनकी अभिव्यक्ति मनुष्यता और पशुता की विभाजन रेखा है। हमारे आज के युवाओं के अंदर आत्मविश्वास है, पर धैर्य नहीं। किसी भी काम में तुरंत और मनोनुकूल परिणाम की आकांक्षा ने जीवन के संघर्ष की परिभाषा बदल दी है। संबंध बनते हैं, पर टिकते नहीं, क्योंकि संबंध तो हैं, पर उनमें न संवेदना है और न समर्पण। अगर कुछ है तो सिर्फ समीकरण। इन सबका नतीजा है निजता का संकट और संवेदनात्मक असुरक्षा। इन परिस्थितियों में कभी किसी मामूली नशे की संगत में आते हैं और बाद में वही लत में तब्दील हो जाता है और धीरे-धीरे वह नशा हमें सुकून देने लगता है। नशा जीवन की मुख्यधारा से हमें विलग कर तात्कालिक रूप से भौतिक सुखों से जोड़ देता है। लेकिन उस सुख की प्रतिक्रिया बेहद नकारात्मक होती है।

पहले गांव में बड़े-बुजुर्ग के बीच हुक्के का प्रचलन था। इधर के कुछ वर्षों में फिर से हुक्के की आधुनिक शक्ल सामने आई है। इसकी जद में आए युवा हुक्के में नशीले पदार्थों को मिला कर धुएं के छल्लों में अपनी अमूल्य जिंदगी को तलाशते हैं। यह सोच और व्यवहार के बीच पसरा भ्रम ही है कि नशा मस्ती और खुशहाली के रूप में संज्ञापित होने लगा है। लेकिन सच यह है कि जीवन के संघर्षों से पलायन का नाम है नशा। यह हमें एक काल्पनिक लोक में ले जाता है जो यथार्थ से अलग होता है और मानवीय चिंताओं से दूर कर धीरे-धीरे हमारे आत्मविश्वास को निगल लेता है।

नशे में डूबते युवा वर्ग और उसके नतीजों के बेलगाम फैलाव को देखते हुए तो यही लगता है कि इसमें सरकार की मूक भागीदारी है। दरअसल, बाजार का अपना व्याकरण और समाजशास्त्र है। बाजार सिर्फ लाभ के अनुशासन को स्वीकार करता है। नशे के लिए बेची जाने वाले कई वस्तुएं बाजार के लिए काफी लाभप्रद हैं। सस्ती चीजों को आकर्षक रूप में परोस कर युवा पीढ़ी को लुभाना बाजार बेहतर तरीके से जानता है। अगर खुले शब्दों में कहें तो नशे से सबंधित चीजों का अचानक उभार युवाओं के बीच बाजार का एक प्रयोग जैसा है। लेकिन प्रश्न सिर्फ बाजार का नहीं है, हमारे सामाजिक और सरकारी उत्तरदायित्व का भी है। सरकार के न जाने कितने संस्थान और संगठन हैं, जो नशा मुक्ति के कार्यों में संलग्न हैं, लेकिन परिणाम चिंताजनक हैं। बिना सरकार की सहमति से खुलेआम नशे को प्रतिष्ठित नहीं किया जा सकता।

हैरानी तब होती है, जब स्वयंसेवी संगठनों का रुख भी सरकारी संस्थानों जैसा होता जा रहा है। विरोध की जगह सिर्फ खानापूर्ति है। क्या सचमुच हम ऐसे समय और समाज में जी रहे हैं, जहां नैतिक मूल्यों का ह्रास ही हमारी प्रगति का परिचायक बनता जा रहा है? ऐसा लगता है कि समाज किंकर्तव्यविमूढ़ है। न कोई विरोध, न स्पंदन, न हलचल! सबके सब लगभग निर्जीव की तरह व्यवहार शून्य। क्या आने वाली पीढ़ी हमें माफ करेगी? हम उनके लिए कैसा भविष्य बुन रहे हैं? कुछ समय पहले तक नशे के सार्वजनिक प्रदर्शन से युवा परहेज करते थे, लेकिन आजकल नशा सामग्री की सहज उपलब्धता और बेलगाम उपयोग ने सामाजिक डर को खत्म कर दिया है। परिवार, समाज और सरकार की संयुक्त भागीदारी से ही हम इस संकट से युवा पीढ़ी को बचा सकते हैं।

## सत्ता और समाज

राजनीति और समाज का अंतर्संबंध तेजी से बदला है। जब कभी सामाजिक आंदोलनों के विस्तार का दौर आया है, तब राजनीति अपनी विलास-सामग्री से नजर हटा कर उन आंदोलनों में शरीक हुई है। राजनीति ने सामाजिक आंदोलनों से उठने वाले सैलाब को नतमस्तक, या कहें मजबूर होकर स्वीकार किया है। यह वह दौर था जब हमारा लोकतंत्र अपनी जड़ें विकसित कर रहा था।

देश के विकासवान लोकतांत्रिक मूल्यों ने राजनीति के भीतर जनहित को स्थापित किया। राजनीति और सत्ताएं तब जनता से भय खाती थीं। इस भय के मूल विश्लेषण की तह में देखने पर एक बात तो साफ हो जाती है कि तब जनता नए-नए लोकतंत्र से मिलने वाले सम्मान और अधिकारों से खुश थी और उसे राजनीति से कुछ अपेक्षाएं व उम्मीदें थीं। जनाकांक्षाएं सत्ता और राजनीति के गलियारों में विलासितापूर्ण रवैयों को कोई अवसर नहीं दे रही थीं। मठाधीशों को यह सब रास नहीं आ रहा था लेकिन देश के तमाम ताकतों के बीच खेलने के आदी नेता सत्ता से बाहर भी नहीं रहना चाहते थे।

वर्तमान राजनीति ने अपना स्वरूप बदला है। टेक्नोलॉजी और सूचना तंत्र का जितना इस्तेमाल देश के नागरिकों को अपनी जागरूकता बनाए रखने के लिए करना जरूरी था, उससे कहीं अधिक इस्तेमाल राजनीतिक पार्टियों ने अपना एजेंडा जमाने में किया। चुनावों में अब पार्टियों को जनता के भीतर भरे उस गुबार को जान पाना कठिन नहीं रह गया, जिसके चलते कई बार मजबूत सरकारों की नींवें तक भरभराकर गिर पड़ीं। अब सूचना-तंत्र के कई मंच विकसित हुए हैं जिनसे हर नागरिक समान रूप से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया आदि पर जनभावनाओं का अंबार लगा हुआ है। सरकार की अच्छी नीतियों से लेकर गलत निर्णयों तक पर जनता की प्रतिक्रियाएं आसानी से मिल जाती हैं। मीडिया के इस्तेमाल से लैस पार्टियां व सरकारें इन प्रतिक्रियाओं को अपनी अदृश्य उपस्थिति के साथ आकलित करती रहती हैं। इस तरह इन मंचों पर व्यक्त जनाकांक्षाएं व जनाक्रोश से सत्ताएं 'फीडबैक' लेने का कार्य करती हैं और यहीं से राजनीति जनता की भावनाओं का इस्तेमाल करना शुरू कर देती है। जाति, धर्म आदि गुटबंदियों को लेकर जनभावना क्या है, इसका सर्वे करने का काम पार्टी मुख्यालयों से होना शुरू होता है। तमाम तरह के अपराधों में सजा का क्या प्रावधान हो इस बारे में जनता का अधिकांश हिस्सा जिस आक्रोशित बिंदु पर जाकर रुकता है, सरकारें उसकी हिमायती बनने लगती हैं। यह करना उनके लिए आसान होता है।

जनभावनाओं पर इस तरह न्योछावर सरकारों की तारीफें जरूर हो सकती हैं पर यह देखना भी बहुत जरूरी है कि क्या ये सत्ताएं सभी मुद्दों पर यही तरीका अपनाती हैं या फिर चुनिंदा मुद्दों पर। जब इस बिंदु पर गहराई से विचार किया जाता है तो यही निष्कर्ष निकलता है कि सरकारें यहां पर चुनिंदा नजरिये से ही कार्य करती हैं। इससे फायदा यह हुआ है कि अब सामाजिक आंदोलनों का दबाव सरकारों पर कम पड़ता है। अब सत्ता शीर्ष पर बैठे लोग सामाजिक आंदोलनों के वक्त उन्मादी व अराजक मुद्दों पर जनभावनाओं को भड़काने लगते हैं। अब जब भी कोई मुद्दा जनभागीदारी से उठता है तो उसमें पार्टीगत विचारधारा के कार्यकताओं को उस अभियान में प्रतिनिधित्व के लिए भेज दिया जाता है। इससे जनता की मूल मांगें रास्ते से भटक जाती हैं और सरकारों का काम आसान हो जाता है।

● *आशीष कुमार तिवारी, अलीगढ़ विवि*

## मौत के बोरवेल

हमारे देश में बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाएं थम नहीं रही हैं। कई साल पहले प्रिंस नाम का बच्चा बोरवेल में गिर गया था जिसे बचा लिया गया था मगर तब से अनेक मासूम बोरवेल में गिर कर जान गंवा चुके हैं। ताजा घटना पंजाब के संगरूर में हुई है जहां दो साल का बच्चा खेलते-खेलते बोरवेल में जा गिरा। चार दिन तक प्रशासन उसे बचाने में जुटा रहा लेकिन अंत में विफलता हाथ लगी। इन मासूमों की मौत का जिम्मेदार कौन है? आखिर बोरवल खुले छोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करके ऐसी घटनाओं पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा रही है?

● *बृजेश श्रीवास्तव, गाजियाबाद*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**

## त्वरित न्याय

दुष्कर्म के मामलों में अव्वल रहने वाला मध्यप्रदेश अब दुष्कर्म पीड़िताओं को त्वरित न्याय दिलाने में आगे दिखाई दे रहा है। प्रदेश में पिछले साल दुष्कर्म के चौदह मामलों में जिला न्यायालयों ने दुष्कर्मियों को फांसी की सजा सुनाई थी। मंदसौर में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के जघन्य मामले में पुलिस ने वारदात के 42वें दिन चालान पेश कर दिया और अदालत ने 15 दिन के भीतर सजा सुना दी। जब मध्यप्रदेश में के तीन माह भीतर चौदह मामलों में दुष्कर्मियों को सजा सुनाई जा सकती है, तो अन्य राज्यों में ऐसा संभव क्यों नहीं हो पा रहा है? कटनी में तो इसी तरह के मामले में तेरह दिन के अंदर सभी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करके आठ दिन के भीतर चालान पेश कर दिया गया और अदालत ने लगातार पांच दिन सुनवाई करके पीड़िता को त्वरित न्याय दिलाकर इतिहास रचने का काम किया था। इसलिए सरकार को समझ लेना चाहिए कि यौन हिंसा तभी रुकेगी जब क्रूरता का माकूल जवाब दिया जाएगा।

● *रितेश कुमार उपाध्याय, संत कबीर नगर*

## प्यार के दुश्मन

किशोरावस्था में विपरीत-लिंग के प्रति आकर्षण सामान्य व्यवहार है। अक्सर किशोर इसे प्रेम समझने की भूल कर बैठते हैं। ऐसे आकर्षण को कुछ युवक सच्चा प्रेम मानकर युवतियों से भी उसी प्रकार के प्रेम की प्रतिक्रिया की अपेक्षा करने लगते हैं और अपना प्रस्ताव रख देते हैं। ज्यादातर मामलों में लड़कियां प्रस्ताव ठुकरा देती हैं। यह स्वाभाविक भी है। प्रेम इकतरफा नहीं बल्कि दोनों ओर से अभिव्यक्त होने वाली भावना है। इस तथ्य को न समझने वाले ज्यादातर लड़के अपना प्रस्ताव ठुकराए जाने से आहत हो जाते हैं। वे इसे अपना अपमान समझते हैं और उसका बदला लेने पर उतारू हो जाते हैं। नतीजतन, तेजाब डाल देने, जलाकर मारने या फिर किसी दूसरे तरीके से उस लड़की को आहत करने का फैसला कर बैठते हैं। वे इसे 'सबक सिखाना' कहते हैं।

अगर इसी का नाम प्यार है तो फिर प्रेम की परिभाषा गहरे संकट में हैं। ऐसे लोग लड़कियों को उपभोग की वस्तु समझते हैं। वे 'मेरी नहीं तो किसी की नहीं' जैसी बर्बर सोच से फैसले करते हैं। ऐसे लोगों से प्रेम और प्रेमियों दोनों को ही खतरा है। ये लोग उतने ही खतरनाक हैं जितने कि 'ऑनर किलिंग' करने वाले कथित सम्मान के रक्षक!

● *मोहम्मद आसिफ, जामिया मिल्लिया इस्लामिया*



## नई फिल्म

- 'कबीर सिंह
- 'फंसते फंसाते



## बॉक्स ऑफिस

| फिल्म | कुल कमाई |
| --- | --- |
| भारत | 168 करोड़ |
| एक्स मैन | 17.15 करोड़ |
| दे दे प्यार दे | 90.35 करोड़ |
| गॉडजिला 2 | 17.25 करोड़ |

13 जून तक की कमाई



## जन्मदिन

| | |
| --- | --- |
| मिथुन चक्रवर्ती | 16 जून |
| इम्तियाज अली | 16 जून |
| लिजा हेडेन | 17 जून |
| नीतू चंद्रा | 20 जून |

# मेरे पापा हैं सबसे अच्छे पापा...

आरती सक्सेना

**मां की ममता का एहसास तो हर किसी को होता है लेकिन पिता का प्यार कभी खुल कर सामने नहीं आता। पिता का प्यार, कर्तव्य, फर्ज और सीख के चलते कहीं दब कर रह जाता है। लेकिन सच्चाई ये है कि अगर मां जीवन देती है तो पिता जीवन संवारता है। फादर्स डे, 16 जून, पर हमने कुछ बॉलीवुड सितारों से ये जानने की कोशिश की है कि फादर्स डे को लेकर उनका क्या कहना है? इन सितारों की नजर में उनके पापा दुनिया के नंबर वन पापा क्यों है? जानने की कोशिश की फादर्स डे स्पेशल परिचर्चा के दौरान ...**

फादर्स डे



### अमिताभ बच्चन

मुझे तो लोग शायद कुछ समय बाद भूल जाएं, लेकिन बाबूजी को लोग कभी नहीं भूलेंगे। वे एक महान कवि थे जिनकी कविताएं स्कूल-कॉलेजों में पढ़ाई जाती है। बाबूजी जितने अनुभवी थे उतनी ही सादगी से जीवन जीते थे। मुझे उनकी यही बात बहुत पंसद थी। आज इतने सालों के बाद भी मैं उनकी कमी महसूस करता हूं। फादर्स डे तो एक ही दिन होता है, अपने पिता को याद करने के लिए। हमारे लिए तो हमेशा फादर्स डे है क्योंकि हम लगभग हर दिन अपने पिता को सिर्फ याद नहीं करते बल्कि उनकी पूजा करते हैं।



### श्रद्धा कपूर

मेरे डैड ने अपने अभिनय कैरियर में सात सौ से ज्यादा फिल्में की हैं। उनकी छवि फिल्मों में विलेन की रही है बावजूद इसके वे मेरे असली हीरो हैं। फिल्मों में जो एक हीरो करता है, उसे मेरे पिता ने असल जिंदगी में कर दिखाया है। फिल्म जगत में बिना किसी सिफारिश के अपनी अलग पहचान बनाना, अपनी पत्नी के प्रति वफादार रहना, हम बच्चों को एक दोस्त की तरह पाल पोसकर बड़ा करना एक असल हीरो ही कर सकता है। इसलिए मैं उन्हें दुनिया का सबसे बेस्ट पापा मानती हूं। मैं अपने डैड से बहुत प्यार करती हूं। वे मेरी जिंदगी के स्तंभ हैं।



### शाहरुख खान

मेरे वालिद काफी हैडसम थे। जब वे रास्ते पर चलते थे तो लोग उनको मुड़- मुड़ कर देखते थे। बचपन में मैं उनकी उंगली पकड़ कर जब रास्ते पर चलता था और लोगों को उनकी तरफ देखते पाता था, तो मुझे ये सब देखकर अपने वालिद पर बहुत गर्व होता था। मैं काफी छोटा था जब मैंने उन्हें खो दिया था। लेकिन उनके साथ बिताई धुंधली यादें आज भी मेरे जहन में कहीं न कहीं कैद हैं। मेरे पिता अपने परिवार से बहुत प्यार करते थे, उनकी ये बात मुझे सबसे अच्छी लगती थी। उनके लिये उनका परिवार ही सब कुछ था। अपने पिता का यही गुण मेरे अंदर भी है। मैं अपने परिवार का साथ जिंदगी भर चाहता हूं।



### रणबीर कपूर

किसी ने सच ही कहा है अगर मां नरम दिल और सीधी सादी होती है तो पिता नारियल की तरह होते हैं। मेरे पिता, ऋषि कपूर, भी कुछ ऐसे ही हैं। वे भले ही ऊपर से सख्त हों लेकिन मुझसे बहुत प्यार करते हैं। उन्हें फिल्म 'संजू' में मेरी अदाकारी बहुत पसंद आई थी तो उन्होंने ट्वीट करके मेरी तारीफ की। तब मुझे बहुत खुशी हुई। खुशी इसलिए नहीं हुई कि वे मेरे पिता हैं और उन्होंने मेरी तारीफ की। बल्कि इसलिए हुई क्योंकि वे भी एक कलाकार हैं और बतौर कलाकार मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। फादर्स डे के अवसर पर मैं अपने पिता के बारे में यही कहना चाहूंगा कि वे महान हैं एक कलाकार के तौर पर भी, एक पिता के तौर पर भी और एक आलोचक के तौर पर भी।



### कपिल शर्मा

मेरे डैड ने मुझे एक ही चीज सिखाई थी, वो ये कि चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं हमेशा हसंते रहो और हसांते रहो। मैं अपने डैड को याद करता हूं तो मुझे गर्व के साथ दुख भी होता है कि वे कैसे भयानक बीमारी में भी हमेशा हंसते रहते थे। इस मौके पर मैं यही कहना चाहूंगा कि मेरे फादर जैसा बनने के लिए अभी मुझे बहुत सब्र और जतन करना पड़ेगा। वे इतने महान थे कि मैं उनके पैरों के नाखून के बराबर भी नहीं हूं। उनके जैसा महान इंसान मैंने अपनी जिंदगी में अभी तक नही देखा। वे मेरे आदर्श, मेरी प्रेरणा हैं। मैं उनके जैसा अगर पचास फीसद भी बन पाया, तो मुझे लगेगा कि मेरा जीवन सफल हो गया।



### जाह्नवी कपूर

मां के जाने के बाद मेरे पापा ही हैं, जिन्होंने मुझे मां और पिता दोनों का प्यार दिया है। फादर्स डे के अवसर पर मैं अपने पिता को अच्छी जिंदगी देने के लिए धन्यवाद करना चाहूंगी। और भगवान से प्रार्थना करूंगी कि वे मेरे पापा को हमेशा खुश रखें। मैंने उनको कई बार अकेले में रोता देखा है। वे मां को बहुत याद करते हैं लिहाजा मेरी और खुशी की कोशिश रहती है कि पापा कभी दुखी न हो। मैं इतनी मेहनत भी इसलिए कर रही हूं कि पापा मुझ पर गर्व कर सकें। फादर्स डे के मौके पर मैं पापा को ढेर सारा प्यार देना चाहूंगी।

## क्रिकेट के रंग



नाटिंघम में भारत-न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप मैच में बारिश का साया पड़ा, पर क्रिकेट प्रेमियों के उत्साह पर कोई फर्क नहीं पड़ा।

# कृष्ण की लीलाओं से बंधा समा

शशिप्रभा तिवारी

नृत्योत्सव

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती के अवसर पर नृत्य समारोह का आयोजन किया गया। स्पीक मैके की ओर से आयोजित इस समारोह में भरतनाट्यम नृत्यांगना मालविका सरूकई ने शिरकत की। उनकी रससिक्त प्रस्तुति देखकर हर दर्शक का मन आनंदित हो गया। उनके साथ मनोहारी संगत करने वाले कलाकारों में शामिल थे, नटुवंगम पर श्रीलता, मृदंगम पर एन बालाजी, वायलिन पर श्रीलक्ष्मी वेंकटरमणी और गायन किया मुरली पाथर्सारथी ने।



भरतनाटयम नृत्यांगना मालविका सरूकई ने सात वर्ष की उम्र से नृत्य सीखना शुरू कर दिया था। उन्होंने बारह वर्ष की उम्र में अपनी पहली प्रस्तुति अरंगेत्रम पेश की। इसके बाद वह लगातार सीखतीं रहीं और देश-विदेश में नृत्य प्रस्तुत करती रहीं। उनकी कला को पद्मश्री और संगीत नाटक अकादेमी सम्मान से सम्मानित किया गया है।

इस समारोह में उन्होंने अपनी प्रस्तुति का आगाज नृत्य 'शंभू महादेव' से किया। यह संत त्यागराज की रचना 'शंभो महादेव शंकर गिरिजारमण' पर आधारित थी। यह रचना राग पंतुवराली और रूपकम ताल में निबद्ध थी। संचारी भाव से पगे नृत्य में शिव के अनेक रूपों को भंगिमाओं और हस्तकों से उन्होंने दर्शाया। गंगा अवतरण प्रसंग का चित्रण करते हुए, मृदंगम और नटुवंगम के ताल अवर्तन पर हस्त संचालन और पद संचालन के जरिए शिव की जटा और गंगा के प्रवाह को मोहक अंदाज में दिखाया। आदि शंकराचार्य रचित श्रृंगारलहरी पर आधारित उनकी अगली पेशकश थी। रचना 'श्रृंगारलहरी आश्रितजन शुभकरी' में देवी पार्वती के सौंदर्य का मनोरम वर्णन पेश किया। उनकी अगली पेशकश वरणम की तरह थी।

भक्ति श्रृंगार रस की पराकाष्ठा अगली पेशकश 'कृष्णाकर्णामृत' में दिखी। यह राग मालिका और ताल मालिका में निबद्ध थी। नायक कृष्ण के श्याम वर्ण को प्यासी गाय नदी समझती हैं, मोर श्याम मेघ समझते हैं और गोपिका उन्हें नव पल्लवयुक्त वृक्ष समझती है। इसके बाद, भी गोपिका सखी से पूछती है कि कृष्ण कौन है? इन भावों को आंगिक अभिनय, नेत्रों और चेहरे के भावों से बहुत ही मनभावन अंदाज में नृत्यांगना मालविका सरूकई ने पेश किया। कृष्ण के आगमन के दृश्य को पद्यांश 'मौलीचंद्रकभूष मरकत स्तंभ अभिराम' में गोपिका की चंचल मनोदशा को संचारी भावों के जरिए नृत्यांगना ने दर्शा कर, दर्शकों को विमुग्ध कर दिया। वहीं इस प्रस्तुति का समापन वल्लभाचार्य के मधुराष्टकम के कृछ अंशों से किया। कृष्ण के मधुर रूप 'अधरं मधुरं वदनं मधुरं' के वर्णन से समां बंध गया। वास्तव में, स्थूल से सूक्ष्म अथवा साकार से निराकार का प्रतिपादन भारतीय शास्त्रीय कलाओं की देन है। इसे मालविका सारूकई ने अपने नृत्य के जरिए वाकई साकार कर दिया। उन्होंने तिल्लाना और वंदे मातरम को अपनी प्रस्तुति में समाहित किया। तिल्लाना बाला मुरली कृष्ण की रचना थी। यह राग वृंदावनी और आदि ताल में निबद्ध थी। इसमें भरतनाट्यम की तकनीकी बारीकियों को सशक्त पद व अंग संचालन में पेश किया। वहीं, उन्होंने अंतिम प्रस्तुति वंदे मातरम में भारत देश की समृद्धि और संपन्नता की कामना की। सच, मालविका सरूकई नृत्य प्रस्तुति का साक्षी होना, अपने-आप में अद्भुत संयोग होता है, जो दिल्लीवासियों को कभी-कभी ही मिल पाता है।

## जीवन

(14 जून, 1920-27 जनवरी, 1992)

# खुद 'बैजू बावरा' बनाना चाहते थे भारत भूषण

गणेशनंदन तिवारी

चेहरे पर अजीब शांति, अपार करुणा, शाश्वत भलमनसाहत के साथ भारत भूषण ने कई ऐतिहासिक किरदारों को परदे पर उतारा। अक्सर उनकी आलोचना होती थी कि उनके चेहरे पर कोई भाव आते ही नहीं। बावजूद इसके भारत भूषण ने फक्कड़ कबीर हो या संगीत प्रेमी बाज बहादुर, बदले की आग में जलने वाला बावरा बैजू हो या मिर्जा गालिब सभी के साथ न्याय किया और जनता ने उन्हें खूब पसंद भी किया।

भारत भूषण के करिअर में आए उत्थान और पतन की कहानी तो हमेशा ही सुनाई जाती है कि कैसे एक के बाद एक हिट देकर खूब पैसा कमाने, मुंबई और पुणे में घर, आलीशान कारें खरीदने वाले भारत भूषण का मुफलिसी में निधन हुआ। उन्होंने सारी फिल्में अपने भाई के नाम से बनाई। उनके नाम पर कुछ नहीं था। मगर इस किस्से में कहीं भारत भूषण के संगीत, साहित्य का शौक और सिनेमा की दुनिया को दिया गया उनका योगदान हाशिए पर चला जाता है। यह बात उपेक्षित रह जाती है कि बंगले और कारें बिकने का जितना मलाल भारत भूषण को नहीं हुआ, उतना अपनी किताबें बेचने पर हुआ था।



**भारत भूषण ने 'कबीर', 'सुहागरात', 'बैजू बावरा', 'बसंत बहार', 'रानी रूपमति', 'मिर्जा गालिब', 'चैतन्य महाप्रभु', 'बरसात की एक रात' जैसी कई फिल्मों में काम किया। लगातार सफलता ने उन्हें चोटी का हीरो बना दिया था। भारत भूषण अभिनीत 'बैजू बावरा' हिंदी सिनेमा की उल्लेखनीय फिल्म मानी जाती है, जिसका असर बाद की कई फिल्मों पर दिखाई दिया।**

हमारी याद आएगी

'बैजू बावरा' को बॉलीवुड की धर्मनिरपेक्षता के उदाहरण के तौर पर पेश किया जाता है। फिल्म का 'भजन ओ दुनिया के रखवाले...' मोहम्मद रफी ने गाया, नौशाद ने उसकी धुन बनाई थी और साहिर लुधियानवी ने उसे लिखा था और तीनों ही मुसलमान थे। मगर 'बैजू बावरा' इसलिए भी उल्लेखनीय थी क्योंकि इस फिल्म ने भारत भूषण और मीना कुमारी को फिल्मजगत में जमा दिया था। संगीतकार नौशाद की फिल्म जगत पर पकड़ मजबूत की थी। साथ ही इस धारणा को ध्वस्त कर दिया था फिल्मों में शास्त्रीय संगीत नहीं चलता है। उस्ताद आमिर खान और डीवी पलुस्कर जैसे शास्त्रीय गायकों की जुगलबंदी 'आज गावत मन मेरो झूम के...' फिल्म का आकर्षण थी। 'बरसात' (1949) से हिंदी सिनेमा-संगीत का रुख मोड़ देने वाले वाले शंकर- जयकिशन ने 'बैजू बावरा' से प्रभावित होकर भारत भूषण की बनाई 'बंसत बहार' में अविस्मरणीय संगीत दिया। बैजू और तानसेन की जुगलबंदी से प्रभावित होकर निर्देशक एसएन त्रिपाठी ने 1957 में 'रानी रूपमति' में रूपमति और तानसेन की जुगलबंदी करवाई और शास्त्रीय संगीत की ताकत सिनेमा के जरिए सामने रखी। एक तरह से 'बैजू बावरा' का असर बाद की कई फिल्मों और उनके संगीत पर हुआ।

'बैजू बावरा' को भारत भूषण खुद बनाना चाहते थे, क्योंकि उन्हें संगीत से भी लगाव था। लोगों ने समझाया कि क्यों संखिया (जहर) खाने पर तुले हो। हीरोइन नई और फिल्म का विषय शास्त्रीय संगीत... इसे कौन देखेगा? फाइनेंसर इसमें पैसा लगाने के लिए तैयार नहीं थे। भारत भूषण खूब भटके। अंत में फिल्मकार विजय भट्ट के पास गए। विजय भट्ट इसमें नरगिस और दिलीप कुमार को लेना चाहते थे। नरगिस साइन की जा चुकी थी। दिलीप कुमार के महंगे मेहनताने को देखते हुए उन्होंने भारत भूषण को फिल्म का हीरो बना दिया। बड़े भाई शंकरभाई भट्ट ने भी विजय भट्ट को रोकने की कोशिश की। तमाम विरोधों के बावजूद 'बैजू बावरा' बनी और उसने सफलता के झंडे गाड़ दिए। फिल्म ने डायमंड जुबिली (60 हफ्ते) मनाई। इसके बाद तो भारत भूषण चोटी के हीरो में शुमार किए जाने लगे थे।

निर्माता के रूप में भारत भूषण ने अपने भाई का नाम फिल्मों में दिया था। उन्होंने 'मीनार' (1954), 'बसंत बहार' (1956, जिसमें भीमसेन जोशी से गवाया) 'बरसात की रात' (1960), 'दूज का चांद' (1964) जैसी फिल्में बनाई। करिअर के आखिरी दौर में एक्स्ट्रा कलाकार का काम तक करना पड़ा।


## खबर कोना

### दीपिका बनेंगी रियल लाइफ से रील लाइफ में रणवीर की पत्नी



दीपिका पादुकोण रियल लाइफ से रील लाइफ में भी रणवीर सिंह की पत्नी बनने जा रही हैं। खबरों की मानें तो दीपिका फिल्म '83' में रणवीर सिंह की पत्नी की अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी। यह जोड़ी कई फिल्मों में साथ दिख चुकी है लेकिन शादी के बाद यह पहला मौका होगा जब दोनों बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आएंगे। दीपिका 1983 वर्ल्ड कप पर आधारित फिल्म '83' में रणवीर सिंह की पत्नी की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में रणवीर क्रिकेटर कपिल देव की भूमिका निभा रहे हैं और दीपिका उनकी पत्नी रोमी देव का किरदार निभाती दिखेंगी। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर फिल्म के निर्देशक कबीर खान के साथ तस्वीरें साझा करते हुए यह जानकारी दी। रणवीर ने एक पोस्ट में लिखा, 'मेरी पत्नी से ज्यादा अच्छी तरह मेरी पत्नी का किरदार कौन निभा सकता है।' दीपिका ने लिखा, 'अगला पड़ाव ... इस सम्मान के लिए शुक्रिया कबीर खान।' फिल्म '83' कपिल देव की कप्तानी में 1983 में जीते पहले क्रिकेट वर्ल्ड कप की कहानी है। फिल्म के 10 अप्रैल 2020 को रिलीज होने की संभावना है।

### कंगना से नहीं है प्रकाश कोवेलामुदी को शिकायत




बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत हमेशा विवादों में रहती हैं। हालिया विवाद उनकी फिल्म 'मेंटल है क्या' को लेकर है। कंगना पर फिल्म की शूटिंग में हस्तक्षेप करने और फिल्म के दृश्यों को दोबारा फिल्माने का आरोप लगा है। हालांकि 'मेंटल है क्या' के निर्देशक प्रकाश कोवेलामुदी ने इन खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, 'कंगना एक अभिनेत्री हैं, प्रोफेशनल है और सृजनात्मक रूप से अहम हैं। कंगना और राजकुमार राव, दोनों का प्रदर्शन बेजोड़ है दोनों को निर्देशित करने में मुझे मजा आता है। मैं यह देखकर खुश हूं कि उनके किरदार कैसे बदल गए।' निर्देशक ने इस बात से इंकार किया कि फिल्म के एक हिस्से को दोबारा फिल्माया गया है। निर्देशक ने कहा, 'हमने पहले चरण की शूटिंग का समापन मुंबई में किया है, दूसरा चरण लंदन में और तीसरा एवं अंतिम एक बार फिर मुंबई में। इसका अंतिम कार्यक्रम पिछले महीने ही पूरा हुआ है। बस इतना ही। अन्य सभी अनुमान निराधार हैं।'

### 'बागी 3' में टाइगर और श्रद्धा के साथ दिखाई देंगे रितेश देशमुख



एक्शन ड्रामा फिल्म 'बागी 3' में इस बार टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर के साथ रितेश देशमुख भी दिखाई देंगे। फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने कहा कि वह रितेश के इस फिल्म का हिस्सा बनने से काफी रोमांचित हैं। साजिद ने कहा, 'रितेश मेरी 'हाउसफुल' फिल्मों का हिस्सा रहे हैं और अब वह 'बागी' शृंखला से भी जुड़ गए हैं। 'हाउसफुल' और 'हे बेबी' के बाद उनके साथ यह मेरी छठी फिल्म होगी।' उन्होंने कहा, 'हमारे बीच रिश्ते बहुत अच्छे हैं और उनके लिए 'लय भारी' (मराठी फिल्म) लिखना सुखद रहा। रितेश ने हमेशा अपनी भूमिकाएं शानदार तरीके से निभाई हैं और हम उनके इस फिल्म से जुड़ने से खुश हैं।' मालूम हो कि 'बागी' शृंखला की पहली फिल्म में श्रद्धा दिखाई दी थीं जबकि 2018 में आए इसके सीक्वल में दिशा पटनी दिखाई दी थीं।

### 'द स्काई इज पिंक' की शूटिंग चुनौतीपूर्ण रही : प्रियंका चोपड़ा



प्रियंका चोपड़ा का कहना है कि फिल्म 'द स्काई इज पिंक' की शूटिंग का अनुभव बेहद चुनौतीपूर्ण और शानदार था। 2016 में हॉलीवुड का रुख करने के बाद यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है। प्रियंका ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर रखी गई पार्टी की तस्वीरें साझा की। उन्होंने कहा, ' फिल्म की शूटिंग पूरी...। यह फिल्म कई मायने में मेरे लिए खास है। केवल इसलिए नहीं कि यह सिद्धार्थ रॉय कपूर और रोनी स्क्रूवाला के साथ मेरी पहली हिंदी फिल्म है....बल्कि इसलिए भी कि मुझे एक चरित्र और एक सच्ची कहानी बयां करने का मौका मिला, जिसे बयां किए जाने की जरूरत थी।' यह फिल्म 'मोटिवेशनल स्पीकर' आयशा चौधरी के माता-पिता की प्रेम कहानी है। यह फिल्म 11 अक्तूबर को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

# ‘वायु’ ने बदला रास्ता

## गुजरात छोड़ ओमान की ओर बढ़ा

● रेलवे ने चक्रवात जोखिम वाले क्षेत्रों में एहतियात के तौर पर 77 प्रमुख ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह और 33 अन्य प्रमुख ट्रेनों का परिचालन आंशिक रूप से रोका।

● गुरुवार शाम हालात की समीक्षा करने के बाद रूपाणी ने कहा कि चक्रवात से अब कोई खतरा नहीं है लेकिन तटवर्ती क्षेत्रों को लेकर प्रशासन अभी भी सचेत रहेगा।

जनसत्ता संवाददाता/भाषा
अमदाबाद/नई दिल्ली, 13 जून।

चक्रवात ‘वायु’ ने ओमान का रुख करने से पहले भले ही गुजरात के अछूता छोड़ दिया है लेकिन राज्य के तटवर्ती इलाकों में अभी भी भारी बारिश और तेज हवाएं चलने का खतरा बना हुआ है। अधिकारियों ने यहां बताया कि हालांकि ‘तूफान का केंद्र’ यहां से दूर चला गया है, लेकिन चक्रवात के बाहरी दायरे का तटवर्ती क्षेत्रों पर प्रभाव अभी भी होगा। राज्य प्रशासन तटवर्ती क्षेत्रों के निचले इलाकों में रहने वाले करीब तीन लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जा चुका है।

गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा कि मौसम विभाग की बुलेटिन के अनुसार, गुजरात की ओर आ रहा चक्रवात ‘वायु’ अब ओमान की ओर मुड़ गया है। लेकिन प्रशासन अगले 24 घंटे तक हाई अलर्ट पर रहेगा। तटवर्ती जिलों सौराष्ट्र और कच्छ के स्कूल एहतियात के तौर पर शुक्रवार को बंद रहेंगे।

गुरुवार शाम हालात की समीक्षा करने के बाद रूपाणी ने कहा कि चक्रवात से अब कोई खतरा नहीं है लेकिन तटवर्ती क्षेत्रों को लेकर प्रशासन अभी भी सचेत रहेगा। उन्होंने गांधीनगर में संवाददाताओं से कहा कि मौसम विभाग का कहना है कि चक्रवात से अब कोई खतरा नहीं है क्योंकि वह तटवर्ती क्षेत्र को छुए बगैर ओमान की ओर मुड़ गया है।

इससे पहले, भारतीय मौसम विभाग ने गुरवार को राहत भरी सूचना दी। विभाग ने बताया कि



चक्रवात वायु की आशंका को देखते हुए गुरुवार को मछलीमार नौका को सुरक्षित जगह ले जाते हुए मछुआरे।

चक्रवात ‘वायु’ ने अपना रास्ता बदल लिया है और अब इसके गुजरात तट से टकराने की आशंका नहीं है जिससे व्यापक जानमाल के नुकसान का खतरा टल गया है। लेकिन इसके असर से राज्य के कई तटीय जिलों में भारी बारिश होगी। इन जगहों पर कच्चे मकानों में रह रहे तीन लाख से अधिक लोगों को एहतियात के तौर पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम राजीवन ने बताया कि मौसम संबंधी बदलावों व ताजा परिस्थितियों के चलते चक्रवात वायु की दिशा व तीव्रता बदल गई है और अब इसके तट से टकराने की आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके चलते इसका जो प्रभाव वहां होगा उसमे तेज हवाएं चलना और भारी बारिश होना शामिल है। राजीवन ने कहा कि बड़ी राहत की बात यह है कि इसने (चक्रवात वायु) थोड़ा सा पश्चिम की तरफ रुख कर लिया है जिससे यह तट से टकराकर भारी तबाही मचाने की बजाय गुजरात तट के किनारे-किनारे अरब सागर के अंदर से ही गुजरेगा। जिससे कुछ प्रभाव हो सकता है। पहले लगाए गए पूर्वानुमान में ऐसी आशंका थी कि चक्रवात 13 जून तक गुजरात के तट से टकराएगा।

इससे पहले, मौसम विभाग की अतिरिक्त महानिदेशक मनोरमा मोहंती ने अहमदाबाद में कहा कि चक्रवात की दिशा मामूली सी बदल गई है। उन्होंने बताया कि अत्यंत भीषण चक्रवात ‘वायु’ सौराष्ट्र तट पर नहीं टकराएगा, लेकिन यह तट के किनारे से गुजरेगा और गिर सोमनाथ, जूनागढ़, पोरबंदर, देवभूमि द्वारका जिलों व केंद्र शासित क्षेत्र दीव को प्रभावित करेगा।

मोहंती ने कहा कि चक्रवात का केंद्रीय हिस्सा गुजरात में प्रवेश नहीं करेगा, लेकिन आधा चक्रवात यानी इसकी बाहरी परिधि राज्य में प्रवेश करेगी और तटीय क्षेत्रों को प्रभावित करेगी। विभाग ने कहा है कि 14 जून को उत्तरी अरब सागर और गुजरात तट पर सुबह 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं चलने की आशंका है। मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे 15 जून तक उत्तर अरब सागर और उससे सटे इलाकों तथा गुजरात तट और पूर्वी मध्य अरब सागर और महाराष्ट्र तट से सटे इलाकों में समुद्र में न जाएं। गुजरात के गिर सोमनाथ, दीव, जूनागढ़, पोरबंदर और द्वारका में नुकसान की आशंका है और कार्रवाई के लिए सुझाव दिए गए हैं। रेलवे ने कहा कि पश्चिमी रेलवे ने चक्रवात जोखिम वाले क्षेत्रों में एहतियात के तौर पर 77 प्रमुख ट्रेनों का परिचालन पूरी तरह और 33 अन्य प्रमुख ट्रेनों का परिचालन आंशिक रूप से रोकने का फैसला किया है। तटरक्षक बल, सेना, नौसेना, वायुसेना और सीमा सुरक्षाबल हाई अलर्ट पर हैं।

# पैतृक गांव में हुआ दरवेश यादव का अंतिम संस्कार

● पश्चिमी यूपी की अदालतों में कामकाज ठप

● मुख्यमंत्री ने कहा, बार काउंसिल, बार एसोसिएशन व न्यायपालिका के साथ राज्य सरकार, उच्च न्यायालय परिसर व जिला न्यायालयों के परिसर में समुचित सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध।

एटा, 13 जून (जनसत्ता/भाषा)।

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की अध्यक्ष दरवेश यादव की आगरा में एक समारोह के दौरान हत्या किए जाने के बाद गुरुवार को उनके पैतृक गांव चांदपुर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में कानून मंत्री बृजेश पाठक शामिल हुए। भारी संख्या में अधिवक्ताओं, नेताओं, अधिकारियों और आम लोगों ने दरवेश यादव को श्रद्धांजलि दी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल की अध्यक्ष दरवेश यादव की हत्या को दुखद बताते हुए बुधवार रात गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने आगरा के जिलाधिकारी को तत्काल घटना के कारणों की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रभावी विवेचना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बार काउंसिल, बार एसोसिएशन व न्यायपालिका के साथ राज्य सरकार, उच्च न्यायालय परिसर व जिला न्यायालयों के परिसर में समुचित सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय परिसर में हत्या होना दुखद घटना है। इन सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर सुरक्षा के सभी मानकों को अपनाते हुए सरकार आवश्यक कदम उठाएगी।

दरवेश यादव को श्रद्धांजलि देने और उनके परिजनों से मिलने पहुंचे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि इतनी दुखदायी और इतनी बड़ी घटना है, जिसकी कल्पना कभी कोई नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि इस सरकार से न्याय का भरोसा जनता नहीं कर सकती है। मैं चाहूंगा कि राज्यपाल से मिलकर यह मुद्दा उठाऊं, क्योंकि बंगाल का वे (भाजपा) मुद्दा उठा रहे हैं। आप बताइए उत्तर प्रदेश में क्या कानून व्यवस्था बची है। बंगाल में तो वे सरकार गिराना चाहते हैं। तो यहां के राज्यपाल क्या कर रहे हैं, यहां की सरकार नहीं हटनी चाहिए क्या?

अखिलेश ने कहा कि कम से कम गवर्नर साहब इस बात को कहें कि आज उत्तर प्रदेश किनके हाथों में है और क्यों आम जनता की सुरक्षा उत्तर प्रदेश में नहीं हो पा रही है। इस बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अदालतों में गुरुवार को कामकाज ठप हो गया, क्योंकि वकीलों ने हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया।

मुजफ्फरनगर के जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष सैयद नसीर हैदर ने कहा कि वकीलों ने एक शोकसभा में घटना की निंदा की। बहिष्कार का आह्वान राज्य बार काउंसिल ने किया था। बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर और शामली में न्यायिक कामकाज प्रभावित रहा।

# पाक ने पूर्वी सीमा से सटे हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई

लाहौर, 13 जून (भाषा)।

पाकिस्तान ने भारत से लगे अपने वायु क्षेत्र में बाहरी विमानों के प्रवेश पर पाबंदी की अवधि तीसरी बार 28 जून तक के लिए बढ़ा दी है। पाकिस्तान के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) ने नोटिस जारी किया है।

भारतीय वायुसेना के बालाकोट (पाकिस्तान) में आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के शिविरों पर हवाई हमले के बाद पाकिस्तान ने 26 फरवरी से अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया था। भारत ने जम्मू-कश्मीर में पुलवामा में भारतीय सुरक्षाकर्मियों पर आतंकवादी हमले के बाद बालकोट की कार्रवाई की थी। सीएए द्वारा गुरुवार को जारी नोटिस के अनुसार, ‘भारत से लगी अपनी पूर्वी सीमा पर पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र 28 जून तक बंद रहेगा।’

# पहले आतंकवाद रोके पाक, तभी होगी बात

पेज 1 का बाकी

के बीच हुई बातचीत की जानकारी देते हुए विदेश सचिव विजय गोखले ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी विशेष तौर पर इसके लिए सहमत हुए हैं कि दोनों देशों के संबंधों को और बेहतर बनाने के लिए काम किए जाएं। वुहान सम्मेलन की तरह की अगली अनौपचारिक बातचीत भारत में करने का प्रस्ताव देते हुए मोदी ने शी को भारत आने का निमंत्रण दिया है। राष्ट्रपति शी इसी साल भारत के दौरे पर आएंगे। गुरुवार की बैठक में भारत और चीन के बीच बढ़ते व्यापार घाटे पर भी चर्चा हुई। विदेश सचिव गोखले के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दोनों देशों के बीच बेहतर हो रहे संबंधों का ही नतीजा है कि लंबे समय से अट-के पड़े मुद्दों को सुलझा लिया गया है। इनमें बैंक ऑफ चाइना की भारत में शाखा खोलने और मसूद अजहर को वैश्विक आतंकी सूची में शामिल करने के मुद्दे प्रमुख हैं। गोखले ने बताया कि इस साल भारत और चीन संबंधों के 70 साल पूरे हो रहे हैं, दोनों देशों के बीच 70 कार्यक्रम करने का भी प्रस्ताव रखा गया। इसमें 35 कार्यक्रम भारत में और 35 चीन में किए जाने का प्रस्ताव है। नरेंद्र मोदी के दूसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से यह उनकी पहली मुलाकात थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक ट्वीट में कहा गया, ‘चीन के साथ संबंध और गहरे हो रहे हैं। एससीओ सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी की पहली मुलाकात चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग के साथ हुई। दोनों नेताओं ने संबंधों को और मजबूत बनाने पर बात की।’ प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, ‘राष्ट्रपति शी के साथ बेहद सफल मुलाकात हुई। बातचीत में भारत-चीन संबंधों पर गंभीर चर्चा हुई। दोनों देशों के बीच आर्थिक व सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के प्रयास किए जाएंगे।’

# पश्चिम बंगाल में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक बेनतीजा

● तृणमूल कांग्रेस की ओर से बैठक में पार्टी के महासचिव और राज्य के मंत्री पार्थ चटर्जी गए थे।

कोलकाता, 13 जून (भाषा)।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी ने राज्य में राजनीतिक हिंसा खत्म करने के लिए उठाए जाने वाले कदमों को लेकर गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जय प्रकाश मजूमदार ने कहा कि राज्यपाल ने कुछ सुझाव दिए लेकिन तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधि ने कहा कि उन्हें पार्टी से चर्चा करने की जरूरत है।

तृणमूल कांग्रेस की ओर से बैठक में पार्टी के महासचिव और राज्य के मंत्री पार्थ चटर्जी गए थे। इससे पहले दिन में मुख्यमंत्री बनर्जी ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बैठक बुलाने के राज्यपाल के फैसले पर सवाल उठाया और बैठक में हिस्सा लेने से मना कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर बैठक बुलाई गई।

मजूमदार ने कहा कि बैठक से साबित हो गया कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि बैठक के दौरान राज्यपाल ने कुछ सुझाव दिए। हमने कहा कि हम इन सुझावों का पालन करने को तैयार हैं। लेकिन तृणमूल कांग्रेस के ‘मित्र’ ने कहा कि उन्हें नेतृत्व से चर्चा करने की जरूरत है। माकपा नेता मोहम्मद सलीम ने आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों राज्य का माहौल खराब करने की कोशिश कर रही हैं।

# सरकार ने ईएसआइ अंशदान को घटाकर चार फीसद किया

पेज 1 का बाकी

अंतर्गत उपलब्ध कराए जाने वाले लाभ नियोक्ताओं और कर्मचारियों द्वारा किए गए अंशदान के माध्यम से वित्त पोषित होते हैं। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा कवरेज अधिक से अधिक लोगों को देने के लिए दिसंबर, 2016 से जून, 2017 तक नियोक्ता और कर्मचारियों के विशेष पंजीकरण का कार्यक्रम शुरू किया और योजना का करवेज लाभ विभिन्न चरणों में देश के सभी जिलों तक बढ़ाने का फैसला किया। कवरेज में वेतन की सीमा एक जनवरी, 2017 से 15,000 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 21,000 रुपए प्रति माह कर दी गई।

# धोखाधड़ी मामले में पोंटी चड्ढा का बेटा मनप्रीत गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

पास कई सुविधाओं से युक्त एक आलीशान सोसाइटी बनाने का वादा किया था लेकिन वह पूरा नहीं हुआ। उन पर करीब 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी का आरोप है। आरोपी मनप्रीत के खिलाफ कई लोगों ने शिकायतें की हैं कि 12 साल के बाद भी उन्हें घर नहीं मिले हैं।

दरअसल 2005-06 में चड्ढा परिवार गाजियाबाद में बड़ी टाउनशिप बनाने के लिए वेव सिटी नाम का एक बड़ा प्रोजेक्ट लेकर आया। ग्राहकों को बताया गया कि ये 1500 एकड़ में फैला होगा। इसमें स्कूल, स्विमिंग पुल, क्लब, अस्पताल और हेलिपैड जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं होंगी। यह भी कहा गया कि प्लॉट का कब्जा आठ महीने में जबकि घर 18 महीने के अंदर मिल जाएगा। सैकड़ों लोगों ने इस सपनों के शहर में घर पाने के लिए करोड़ों रुपए दिए। कंपनी की तरफ से कहा गया कि सरकार ने प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है और मास्टर प्लान भी बनकर तैयार है, लेकिन 2011 तक जब वहां कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ, तो लोगों ने मनप्रीत की कंपनी से जुड़े लोगों को घेरना शुरू किया।

आरोप है कि कंपनी में बाउंसर रख लिए गए जिससे लोग किसी से मिल न पाएं। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक जहां वेवसिटी बननी थी वहां जानवर चरते हैं और किसान खेती कर रहे हैं। पता चला है कि ऐसा कोई प्रोजेक्ट सरकार से मंजूर ही नहीं हुआ है।

2012 में पोंटी चड्ढा और हरदीप चड्ढा की आपसी गोलीबारी में पिता पोंटी चड्ढा की मौत के बाद मनप्रीत चड्ढा ने कारोबार की जिम्मेदारी संभाली थी। दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर स्थित एक फार्म हाउस में शराब कारोबारी पोंटी चड्ढा और उसके भाई हरदीप चड्ढा के बीच गोलीबारी संपत्ति के स्वामित्व से जुड़े विवाद में हुई थी।

# वरुणास्त्र टारपीडो की आपूर्ति के लिए भारत डायनमिक्स व नौसेना में समझौता

हैदराबाद, 13 जून (भाषा)।

भारत डायनमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने मंगलवार को भारतीय नौसेना को ज्यादा शक्तिशाली वरुणास्त्र टारपीडो की आपूर्ति के लिए 1,187.82 करोड़ रुपए के ठेके पर हस्ताक्षर किए। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने एक बयान में बताया कि बीडीएल के निदेशक (तकनीकी) एनपी दिवाकर और रक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव और क्रय प्रबंधक (मैरीटाइम एवं सिस्टम्स) निधि छिब्बर ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

कंपनी हथियारों की आपूर्ति 42 महीने में पूरी करेगी। ये हथियार डीआरडीओ के सहयोग से बीडीएल की विशाखापत्तनम संयंत्र में बनाए जाएंगे। अधिक शक्तिशाली टारपीडो या वरुणास्त्र टारपीडो में लक्ष्य को खुद ढूंढने की डिजिटल प्रणाली लगी है।

# पोम्पिओ बोले, ‘मोदी है तो मुमकिन है’

पेज 1 का बाकी

पोम्पिओ इस क्षेत्र के चार महत्त्वपूर्ण देशों की यात्रा कर रहे हैं।

पोम्पिओ नई दिल्ली से कोलंबो जाएंगे, जहां वे ईस्टर के मौके पर हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ श्रीलंका के लोगों के प्रति अमेरिकी एकजुटता प्रदर्शित करेंगे। इसके बाद पोम्पिओ जी20 देशों के विदेश मंत्रियों के शिखर सम्मेलन में ओसाका जाएंगे। यात्रा के अंत में वे दक्षिण कोरिया जाएंगे। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जापान के ओसाका में 28-29 जून को होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन के इतर भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। नई दिल्ली में विदेश मंत्री जयशंकर के साथ बैठक में पोम्पिओ प्रस्तावित बैठक के एजंडे पर भी बात करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नए विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात के लिए नई दिल्ली की अपनी यात्रा के बारे में कहा कि दोनों देशों को इतना मजबूत संबंध बनाना चाहिए, जितना कभी नहीं रहा है। पोम्पियो ने इस बात का जिक्र किया कि अमेरिका का भारत के साथ लंबा जुड़ाव रहा है और इस संबंध को और प्रगाढ़ करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों को इस व्यक्तिगत दोस्ती को औपचारिक रूप देना चाहिए, दोनों देशों के लिए एक कूटनीतिक ढांचा बनाना चाहिए। पोम्पिओ ने ‘इंडिया आइडियाज समिट ऑफ अमेरिका-इंडिया बिजनेस काउंसिल’ में भारत नीति संबंधी अपने भाषण में कहा कि कुछ ‘बड़े विचार और बड़े अवसर’ द्विपक्षीय संबंध को नए मुकाम पर ले जा सकते हैं।

पोम्पिओ ने कहा कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका रक्षा सहयोग को एक नए मुकाम पर लेकर गया है, उन्होंने हिंद-प्रशांत के लिए साझे दृष्टिकोण को मजबूत किया है और आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान के अस्वीकार्य सहयोग के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि उनके पास अपने नए समकक्ष जयशंकर के रूप में मजबूत साझेदार हैं। जयशंकर अमेरिका में भारत के राजदूत भी रहे हैं।

# सभी 13 जवानों के शव मिले

पेज 1 का बाकी

निकाला है और उन्हें लाने के लिए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया जाएगा। मृतकों में छह वायुसेना अधिकारी और सात एअरमैन हैं। भारतीय वायुसेना का एएन-32 विमान जिस स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वहां गुरुवार सुबह सर्च टीम पहुंची।

टीम को यहां किसी के भी जिंदा बचने के सबूत नहीं मिले। इसके बाद वायुसेना ने एएन-32 विमान हादसे में शहीद हुए जवानों के नाम जारी कर दिए। इनके नाम हैं- विंग कमांडर जीएम चार्ल्स, स्क्वाड्रन लीडर एच विनोद, फ्लाइट लेफ्टिनेंट आर थापा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट ए तंवर, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एस मोहंती, फ्लाइट लेफ्टिनेंट एमके गर्ग, वारंट ऑफिसर केके मिश्रा, सार्जेंट अनूप कुमार, कॉरपोरल शेरिन, लीडिंग एअरक्राफ्ट मैन एसके सिंह, लीडिंग एअरक्राफ्ट मैन पंकज, नॉन कॉम्बैटेंट (ई) पुतली और नॉन कॉम्बैटेंट (सी) राजेश कुमार।

वायुसेना के प्रवक्ता ने कहा कि वायुसेना तीन जून 2019 को एएन-32 (विमान) के दुर्घटनाग्रस्त होने के दौरान अपनी जान गंवाने वाले वायुसेना के बहादुर जांबाजों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है और वह मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है। उनकी (मृतकों की) आत्मा को शांति मिले।’ रूस निर्मित एएन-32 विमान तीन जून को असम के जोरहाट से चीन की सीमा के पास मेनचुका एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड जा रहा था। उड़ान भरने के करीब आधे घंटे बाद उसका रडार से संपर्क टूट गया। विमान के लापता होने के बाद से जारी तलाशी अभियान में सफलता तब मिली, जब वायुसेना के एक हेलिकॉप्टर ने सियांग और शी-योमी जिलों की सीमा पर स्थित गाट्टे गांव के पास 12,000 फुट की ऊंचाई पर विमान का मलबा देखा था। इससे पहले, विमानों और हेलिकॉप्टरों के बेड़े तथा जमीनी बलों ने आठ दिनों तक व्यापक खोज अभियान चलाया था। बचावकर्मियों की 15 सदस्यीय एक टीम बुधवार को दुर्घटनास्थल की तरफ रवाना की गई थी, जिनमें से आठ लोग गुरुवार को दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। लीपो गांव के घने जंगलों में विमान का मलबा मिलने के बाद वायुसेना ने इसकी तस्वीर जारी की थी। दुर्गम पहाड़ी इलाके से विमान के दुर्घटनाग्रस्त स्थल की जो तस्वीर जारी की गई, उसमें मलबा बिखरा हुआ और आसपास के पेड़ जले हुए दिख रहे थे। इससे यह आशंका जताई गई थी कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होकर गिरने के बाद इन पेड़ों में आग लगी होगी।

वायुसेना ने तलाशी अभियान में सुखोई-30, सी130 जे सुपर हर्क्युलिस, पी8आइ विमान, ड्रोन और उपग्रह के जरिए विमान का पता लगाने की कोशिश की। इस मिशन में वायुसेना के अलावा नौसेना, सेना, खुफिया एजंसियां, आइटीबीपी और पुलिस के जवान लगाए गए थे। खोजी विमानों ने कई घंटे की इमेजिंग की फुटेज हासिल की और नौसेना के टोही विमान पी8आइ को भी अभियान में लगाए रखा।

# चार धाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या का रेकार्ड टूटा

पेज 1 का बाकी

लाई। नैनीताल के राजीव लोचन शाह का कहना है कि अशांत कश्मीर घाटी में पर्यटकों का जाना लगभग बंद हो गया है। गर्मियों की छुट्टियों में पहाड़ी इलाकों की सैर करने के लिए उत्तराखंड की ओर पर्यटकों का रुझान बढ़ा है। परंतु उत्तराखंड में उस हिसाब से ढांचागत सुविधाएं नहीं हैं। इस कारण पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वैसे उत्तराखंड तीर्थयात्रियों और पर्यटकों का घालमेल सा हो गया है। जिस कारण चारधाम यात्रा में कई विसंगतियां सामने आ रही हैं। पहले तीर्थयात्री धार्मिक भावना से चारों धामों के दर्शन करने आते थे और अब पर्यटकों ने उत्तराखंड के तीर्थाटन का स्वरूप ही बिगाड़ दिया है।

उत्तराखंड पर्यटन विभाग की नॉडल अधिकारी सीमा शर्मा का कहना है कि इस बार पर्यटन विभाग ने चारधाम यात्रा को लेकर सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से जमकर प्रचार किया। इस कारण भी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के चारधामों के कपाट खुलने की शुरुआत 7 मई को अक्षय तृतीया के दिन हो गई थी। उस दिन वैदिक विधि विधान के साथ गंगोत्री के कपाट खोले गए थे। अन्य तीन धामों यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ के कपाट 10 मई तक खुल गए थे। जबकि हेमकुंड साहिब के कपाट 1 जून को खोले गए थे। 7 मई से 10 जून तक 35 दिन में तीर्थयात्रियों की तादाद 17 लाख पार कर चुकी है।

केवल 10 जून के ही दिन चारों धामों और हेमकुंड साहिब में से सबसे ज्यादा 36 हजार 27 तीर्थयात्री केदारनाथ में बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंचे और केदारनाथ की यात्रा शुरू होने के एक महीने बाद अब तक 5 लाख 90 हजार 200 तीर्थयात्री केदारनाथ पहुंच चुके हैं, जो अपने में एक रेकार्ड है। इसी तरह बद्रीनाथ धाम में केवल 10 जून के दिन ही 24 हजार 124 तीर्थयात्रियों ने एक दिन में भगवान बद्रीश के दर्शन किए और अब तक एक महीने में 5 लाख 45 हजार 637 तीर्थयात्री बद्रीश धाम के दर्शन के लिए आ चुके हैं।

चारों धामों में अब तक सबसे ज्यादा तीर्थयात्री केदारनाथ के दर्शन के लिए पहुंचे हैं। गंगोत्री के दर्शन के लिए 35 दिन में 2 लाख 88 हजार 751 तथा यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए 2 लाख 90 हजार 537 तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं। गंगोत्री में 10 जून को 7 हजार 834 तथा यमुनोत्री में 5 हजार 492 तीर्थयात्री एक दिन में दर्शन के लिए पहुंचे। उधर, हेमकुंड साहिब में एक जून से लेकर 10 जून तक दस दिन में 61 हजार 584 तीर्थयात्री दर्शन के लिए जा चुके हैं। 10 जून को एक दिन में 5 हजार 250 तीर्थयात्रियों ने हेमकुंड साहिब के दर्शन किए। इस बार उत्तराखंड के पर्यटन विभाग ने उत्तराखंड के चारों धामों और हेमकुंड साहिब में आने वाले तीथर्यात्रियों की संख्या के आंकलन के लिए विशेषज्ञों की एक टीम तैनात कर रखी है।

पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल शुरुआती 30 दिन में केदारनाथ में 4 लाख 39 हजार 473, बदरीनाथ में 4 लाख 16 हजार 697, गंगोत्री में 1 लाख 27 हजार 51 तथा यमुनोत्री में 1 लाख 27 हजार 556 तीर्थयात्री आए थे।

# हारने के बाद मीसा ने सांसद निधि की योजनाएं वापस ली

पेज 1 का बाकी

खुलासा नहीं करने की शर्त पर बताया कि अचानक लिए गए फैसले के कारण वे परेशानी में पड़ गए हैं।

लगभग छह करोड़ रुपए की परियोजनाओं के लिए मंजूरी दी गई थी। अब हमें बहुत सारी कागजी कार्रवाई पर समय और ऊर्जा खर्च करनी होगी।

हालांकि, मीसा इस पर अपनी प्रतिक्रिया के लिए उपलब्ध नहीं हो सकीं। बहरहाल, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि उन्हें इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है, इसलिए वे इस मामले में कुछ नहीं कह सकते।

वहीं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय सिंह ‘टाइगर’ ने कहा कि इससे जनता के बीच बहुत गलत संदेश जाता है। किसी विशेष क्षेत्र के लोगों ने आपके लिए वोट किया है या नहीं, इसके आधार पर भेदभाव अलोकतांत्रिक है।

जदयू के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि यह लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। एक निर्वाचित प्रतिनिधि उन लोगों का भी प्रतिनिधित्व करता है, जिनके वोट उसे नहीं मिले। चुनावी हार के कारण परियोजनाओं को वापस लेना उचित नहीं है। राजद की सहयोगी पार्टी कांग्रेस के विधान पार्षद प्रेम चंद्र मिश्रा ने भी मीसा के इस निर्णय को अस्वीकार करते हुए कहा कि एक बार परियोजना को मंजूरी मिल जाने के बाद इसे लागू किया जाना चाहिए। अनुमोदन को वापस लेना उचित नहीं।

साल 2008 के परिसीमन से अस्तित्व में आई पाटलिपुत्र लोकसभा सीट लालू परिवार के लिए हमेशा प्रतिष्ठा का मुद्दा बनी रही है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद खुद 2009 में इस सीट पर अपने पुराने विश्वासपात्र और जदयू उम्मीदवार रंजन यादव के हाथों पराजित हो गए थे।

वर्ष 2014 में लालू द्वारा अपनी बड़ी पुत्री मीसा भारती को इस सीट से उम्मीदवार बनाए जाने पर बगावती रुख अपनाते हुए उनके विश्वासपात्र रहे रामकृपाल यादव भाजपा में शामिल हो गए और भाजपा के टिकट पर उन्होंने इस सीट से चुनाव लड़ा और मीसा को पराजित किया था।

# LARSEN & TOUBRO LIMITED

## MAKES A CASH OFFER OF RS. 980 PER EQUITY SHARE TO THE SHAREHOLDERS OF MINDTREE LIMITED

**ADVERTISEMENT IN ACCORDANCE WITH REGULATION 18(7) OF THE SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (SUBSTANTIAL ACQUISITION OF SHARES AND TAKEOVERS) REGULATIONS, 2011 (AS AMENDED) AND CORRIGENDUM TO THE DETAILED PUBLIC STATEMENT WITH RESPECT TO THE OPEN OFFER TO THE SHAREHOLDERS OF MINDTREE LIMITED**

**Registered Office:** Global Village, RVCE Post, Mysore Road, Bengaluru - 560059, Karnataka, India.
(**Telephone:** +91-80-67064000, **Fax:** +91-80-67064100, **Website:** https://www.mindtree.com), **Corporate Identification Number:** L72200KA1999PLC025564

## TENDERING PERIOD: JUNE 17, 2019 (MONDAY) TO JUNE 28, 2019 (FRIDAY)

**Open offer by Larsen & Toubro Limited ("Acquirer") to acquire up to 5,13,25,371 (Five Crore Thirteen Lakh Twenty Five Thousand Three Hundred and Seventy One) Equity Shares ("Offer Shares") representing 31.00% (Thirty One Percent) of the Voting Share Capital, under the SEBI SAST Regulations, to the Shareholders of Mindtree Limited ("Target Company") at per Equity Share price of Rs. 980 (Rupees Nine Hundred and Eighty only) ("Offer")**

This advertisement and corrigendum is being issued by Axis Capital Limited and Citigroup Global Markets India Private Limited (**"Managers to the Offer"**), for and on behalf of the Acquirer, pursuant to and in accordance with Regulation 18(7)of the SEBI SAST Regulations in respect of the Offer (**"Offer Opening Public Announcement and Corrigendum"**).

This Offer Opening Public Announcement and Corrigendum should be read in continuation of and in conjunction with:

(a) the public announcement in connection with the Offer, made by the Managers to the Offer on behalf of the Acquirer to NSE and BSE on March 18, 2019 (**"Public Announcement"** or **"PA"**);

(b) the detailed public statement in connection with the Offer, published on March 26, 2019 in the following newspapers: (a) Financial Express (all editions); (b) Jansatta (all editions); (c) Vishwavani (Bangalore edition); and (d) Navshakti (Mumbai edition) (**"DPS"**); and

(c) the letter of offer dated June 6, 2019 in connection with the Offer (**"Letter of Offer"** or **"LoF"**).

For the purpose of this Offer Opening Public Announcement and Corrigendum:

(a) **"Identified Date"** means May 31, 2019, being the date falling on the 10th (Tenth) Working Day prior to the commencement of the Tendering Period;

(b) **"SEBI SAST Regulations"** means the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 (as amended);

(c) **"Shareholders"** means all the shareholders of the Target Company, other than the Acquirer, parties to the SPA and persons deemed to be acting in concert with the parties to the SPA, pursuant to and in compliance with the SEBI SAST Regulations;

(d) **"Tendering Period"** means the following period: Monday, June 17, 2019 to Friday, June 28, 2019 (both days inclusive); and

(e) **"Voting Share Capital"*** means the total voting equity share capital of the Target Company on a fully diluted basis as of the 10th (Tenth) Working Day from the closure of the Tendering Period of the Offer based on publicly available data but which may change on account of any future corporate actions

* The Target Company has informed the Acquirer after the Public Announcement *vide* its letter dated March 22, 2019 that the number of outstanding units under the Mindtree Employee Restricted Stock Purchase Plan 2012 as on March 15, 2019 are 3,69,650. We understand based on publicly available information that 13,51,673 convertible instruments of the Target Company (which includes the aforementioned outstanding units under the Mindtree Employee Restricted Stock Purchase Plan 2012) are capable of being allotted during the Offer and have therefore considered the same for determining the Voting Share Capital in the Public Announcement, the DPS, the Draft Letter of Offer and the Letter of Offer. The Target Company on May 2, 2019 has disclosed to the Stock Exchanges that it has granted further 3,57,525 restricted stock units to certain identified employees on that date. Given that the calculation of Voting Share Capital in the Offer documents, on a conservative basis without knowing the intent of the Target Company to grant or withhold some grants, already takes into account all outstanding restricted stock units capable of being granted and converted in future, the grant of May 2, 2019 does not impact the calculation of Voting Share Capital in the Offer documents.

Capitalised terms used but not defined in this Offer Opening Public Announcement and Corrigendum shall have the meaning assigned to such terms in the Letter of Offer.

1. <u>**Offer Price**</u>: The Offer Price is Rs. 980 (Rupees Nine Hundred and Eighty only) per Offer Share. There has been no revision in the Offer Price. For further details relating to the Offer Price, please refer to Paragraph 5 beginning on Page 32 of the Letter of Offer.

2. <u>**Recommendations of the committee of independent directors of the Target Company**</u>: The committee of independent directors of the Target Company ("IDC") published its recommendation on the Offer on June 12, 2019 in the same newspapers where the DPS was published. The relevant extract of the recommendation of the IDC is given below:

| | |
|---|---|
| Chairperson of the IDC | Ms. Apurva Purohit |
| Members of the IDC | 1. Ms. Apurva Purohit<br>2. Mr. Milind Shripad Sarwate<br>3. Mr. Bijou Kurien<br>4. Mr. Akshaya Bhargava |
| Recommendation of the IDC on the Offer, as to whether or not the Offer is fair and reasonable | The IDC is of the opinion that, as on the date of the PA, the Offer Price of Rs. 980 offered by the Acquirer:<br>1. is in accordance with the regulations prescribed under the SEBI (SAST) Regulations; and<br>2. appears to be fair and reasonable. |
| Summary of reasons for the recommendation of the IDC | The IDC has perused the PA, DPS, DLoF and LoF issued on behalf of the Acquirer. The members of IDC draw attention to the closing market price of the Equity Shares of the Target Company on the National Stock Exchange of India Limited ("**NSE**") and BSE Limited ("**BSE**") as on the date of this recommendation, i.e. June 10, 2019, being Rs 975.50 per Equity Share and Rs 974.65 per Equity Share, respectively, which is lower than the Offer Price.<br>Based on the review of the PA, DPS, DLoF, LoF, and the report dated June 7, 2019, issued by ICICI Securities Limited to the IDC in regard to the Offer Price, the IDC is of the opinion that as on the date of the Public Announcement, the Offer Price of Rs 980 offered by the Acquirer: (a) is in accordance with the regulations prescribed under the SEBI (SAST) Regulations; and (b) appears to be fair and reasonable.<br>The shareholders of the Target Company are advised to independently evaluate the Open Offer and take an informed decision about tendering the Equity Shares held by them in the Open Offer. |
| Details of independent advisors, if any, of the IDC | Khaitan & Co (Legal Advisor)<br>ICICI Securities Limited |

3. <u>**Other details of the Offer:**</u>

3.1. The Offer is being made under Regulations 3(1) and 4 of the SEBI SAST Regulations to the Shareholders of the Target Company.

3.2. The Acquirer's Offer is not a competing offer in terms of Regulation 20 of SEBI SAST Regulations. There was no competing offer to the Acquirer's Offer and the last date for making such competing offer has expired.The Offer is not conditional upon any minimum level of acceptance in terms of Regulation 19(1) of SEBI SAST Regulations.

3.3. The dispatch of the Letter of Offer to all the Shareholders of the Target Company holding Equity Shares as on the Identified Date has been completed (either through electronic or physical mode) by June 8, 2019.The Identified Date was relevant only for the purpose of determining the Shareholders as on such date to whom the Letter of Offer was to be sent. It is clarified that all holders (registered or unregistered) of Equity Shares (except the Acquirer, parties to the SPA and persons deemed to be acting in concert with the parties to the SPA) are eligible to participate in the Offer any time during the Tendering Period. A copy of the Letter of Offer (which includes the Form of Acceptance-cum-Acknowledgment) is also available on SEBI's website (https://www.sebi.gov.in) from which the Shareholders can download / print the same.

4. <u>**Instructions to the Shareholders:**</u>

4.1. <u>**In case the Equity Shares are held in physical form**</u>: As per the proviso to Regulation 40(1) of the LODR Regulations (notified by the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) (Fourth Amendment) Regulations, 2018) read with the press release dated December 3, 2018 and March 27, 2019 issued by SEBI, effective from April 1, 2019, requests for effecting transfer of securities of listed companies shall not be processed unless the securities are held in the dematerialized form with a Depository. Since the Tendering Period for the Offer opens only after April 1, 2019, **the Shareholders desirous of tendering their Equity Shares held in physical form can do so only after the shares are dematerialized and are advised to approach the concerned depository participant to have their Equity Shares dematerialized.**

4.2. <u>**In case the Equity Shares are held in dematerialised form**</u>: Shareholders who desire to tender their Equity Shares in the electronic / dematerialized form under the Offer would have to do so through their respective stock broker by giving the details of Equity Shares they intend to tender under the Offer and as per the procedure specified in the Letter of Offer. In case of non-receipt of the Letter of Offer, the Shareholders holding the Equity Shares may participate in the Offer by providing their application in plain paper in writing signed by all shareholder(s), stating name, address, number of Equity Shares held, client ID number, DP name, DP ID number, number of Equity Shares tendered and other relevant documents as mentioned in Paragraphs 7.8 and 7.9 of the Letter of Offer. **Shareholders have to ensure that their order is entered in the electronic platform of BSE or NSE which will be made available by BSE and NSE, before the closure of the Tendering Period.**

5. In terms of Regulation 16(1) of the SEBI SAST Regulations, the draft Letter of Offer was submitted to SEBI on April 2, 2019 (**"Draft Letter of Offer"** or **"DLoF"**). SEBI, vide its letter no. SEBI/HO/CFD/DCR1/OW/P/2019/13697/1 dated May 30, 2019 (**"Observation Letter"**), issued its comments on the Draft Letter of Offer.

6. <u>**Material Updates**</u> (from the date of the Public Announcement):

6.1. There have been no material changes in relation to the Offer since the date of the Public Announcement, save as otherwise disclosed below (in Paragraph 6.2, 6.3 and 7.1), in the DPS, Draft Letter of Offer and/or the Letter of Offer.

6.2. The Acquirer on April 26, 2019 deposited an amount of Rs. 4,452 Crore (Rupees Four Thousand Four Hundred and Fifty Two Crore Only) in the Escrow Account (**"Second Deposit"**). Pursuant to the First Deposit of Rs. 578 Crore (Rupees Five Hundred and Seventy Eight Crore Only) and this Second Deposit, the Acquirer has deposited an aggregate amount of INR 5,030 Crore (Rupees Five Thousand and Thirty Crore Only) in the Escrow Account, which constitutes the Maximum Offer Consideration. The Second Deposit has been invested in an interest bearing fixed deposit and confirmed *vide* a confirmation letter dated April 30, 2019 issued by Escrow Bank.

6.3. As on June 13, 2019, the Acquirer holds 4,74,53,808 Equity Shares (representing 28.90% of the Equity Share Capital and 28.66% of the Voting Share Capital). The Acquirer has not acquired any Equity Shares from the date of the Public Announcement till the date of the Draft Letter of Offer (whether pursuant to the SPA, the Purchase Order or otherwise). Thereafter, post receipt of the Statutory Approvals and after complying with the provisions of Regulation 22(2) of the SEBI SAST Regulations (i.e. (i) depositing the Maximum Offer Consideration in the Escrow Account and (ii) expiry of 21 Working Days from the date of DPS):

(a) the Acquirer has acquired 3,27,60,229 Equity Shares (representing 19.95% of the Equity Share Capital and 19.79%* of the Voting Share Capital), pursuant to the SPA (one of the triggering transactions), on April 30, 2019, by way of a block deal on BSE;

*The figures "19.94%" and "19.78%" given in the para under the table in para 2.1.4 on page 11 of the LOF should be read as "19.95%" and "19.79%" respectively.

(b) the Acquirer has acquired an aggregate of 1,46,93,579 Equity Shares (representing 8.95% of the Equity Share Capital and 8.87% of the Voting Share Capital), pursuant to the Purchase Order (one of the triggering transactions) *via* open-market, as on June 11, 2019, details of which are set out below:

| Date | No. of Equity Shares acquired by the Acquirer | Average Price per Equity Share (INR) | Total Consideration (INR) |
|---|---|---|---|
| April 30, 2019 | 22,474 | 979.91 | 22,022,497.34 |
| May 02, 2019 | 29,167 | 979.72 | 28,575,493.24 |
| May 03, 2019 | 87,875 | 970.96 | 85,323,110.00 |
| May 06, 2019 | 11,59,261 | 979.93 | 1,135,994,631.73 |
| May 07, 2019 | 14,66,531 | 979.93 | 1,437,097,722.83 |
| May 08, 2019 | 37,58,776 | 979.96 | 3,683,450,128.96 |
| May 09, 2019 | 33,05,775 | 980.00 | 3,239,659,500.00 |
| May 14, 2019 | 1,168 | 972.00 | 1,135,296.00 |
| May 16, 2019 | 8,86,438 | 979.81 | 868,540,816.78 |
| May 17, 2019 | 13,440 | 979.98 | 13,170,931.20 |
| May 20, 2019 | 73,953 | 979.99 | 72,473,200.47 |
| May 21, 2019 | 71,835 | 979.97 | 70,396,144.95 |
| May 22, 2019 | 1,29,063* | 979.78 | 126,453,346.14^ |
| May 23, 2019 | 4,50,687 | 979.91 | 441,632,698.17 |
| May 24, 2019 | 24,99,619 | 980.00 | 2,449,626,620.00^ |
| May 27, 2019 | 2,30,135 | 979.93 | 225,516,190.55 |
| May 28, 2019 | 3,56,738 | 979.98 | 349,596,105.24 |
| May 29, 2019 | 97,815 | 980.00 | 95,858,700.00 |
| May 30, 2019 | 26,974 | 980.00 | 26,434,520.00 |
| June 06, 2019 | 25,000 | 971.03 | 24,275,750.00 |
| June 07, 2019 | 855 | 967.50 | 8,27,212.50 |

*While the disclosure made by the Acquirer pursuant to Regulation 18(6) of the SEBI SAST Regulations provides the number of Equity Shares purchased on May 22, 2019 as 1,29,065, the same has been reduced by 2 Equity Shares to 1,29,063 Equity Shares taking into account the short delivery of 2 Equity Shares out of the Equity Shares purchased on May 22, 2019 and the same has been reported to the Stock Exchanges and the Target Company on May 28, 2019.

^The total consideration amount given in the table in para 2.2.7(b) on page 16 of the LOF for May 22, 2019 and May 24, 2019 should be read as "126,453,346.14" and "2,449,626,620" instead of "126,455,305.70" and "2,449,624,660" respectively.

The disclosures for the above noted acquisitions have been made by the Acquirer to NSE and BSE and the Target Company, within the timelines prescribed, and as required, under Regulation 18(6), 29(1) and 29(2) of the SEBI SAST Regulations. SEBI has *vide* the Observation Letter provided its comments on the Draft Letter of Offer wherein it has stated for the following to be disclosed in this Letter of Offer: *"With regard to completion of transaction by way of bulk deals by the Acquirer, SEBI is examining it separately and appropriate action, if any, in this regard may be taken by SEBI against the Acquirer."*

7. <u>**Status of Statutory and Other Approvals:**</u>

7.1. As of the date of the Letter of Offer, to the best of the knowledge of the Acquirer, there are no statutory or other approvals required to complete the Offer except the following approvals, which have been received:

(a) approval from the Competition Commission of India, received on April 4, 2019;

(b) approval under Section 39(1) of the 'Act against Restraints of Competition' from Bundeskartellamt in Germany, received on April 4, 2019;

(c) anti-trust approval required for the transaction in United States of America, deemed to have been received with effect from 9:29 AM (Indian standard time) on April 4, 2019 pursuant to rules for Certain Mergers and Acquisitions as applicable in the United States of America.

7.2. In the event, however, any further statutory or other approval becomes applicable prior to completion, the Offer would also be subject to such other statutory or other approval(s) being obtained.

7.3. All Shareholders, including non-residents holders of Equity Shares, must obtain all requisite approvals required, if any, to tender their Equity Shares in the Offer (including without limitation, approval from the RBI) and submit copies of such approvals, along with the other documents required for accepting this Offer. In the event copies of such approvals / documents are not submitted, the Acquirer reserves the right to reject such Equity Shares tendered in this Offer.

7.4. If the holders of the Equity Shares are non-residents (including non-resident Indians (NRIs), overseas corporate bodies (OCBs) and foreign portfolio investors (FPIs)) had required any approvals (including from the RBI, or any other regulatory body) in respect of the Equity Shares held by them, they will be required to submit copies of such previous approvals, obtained for holding the Equity Shares, in order to tender the Equity Shares held by them in this Offer, along with all the other documents required for accepting this Offer. In the event copies of such approvals / documents are not submitted, the Acquirer reserves the right to reject such Equity Shares tendered in this Offer.

8. <u>**Revised Schedule of Activities**</u>: The schedule of major activities under the Offer is set out below:

| Name of Activity | Original Schedule of Activities (as disclosed in the Draft Letter of Offer) | Revised Schedule of Activities |
|---|---|---|
| | **Day and Date** | **Day and Date** |
| Issue of Public Announcement | Monday, March 18, 2019 | Monday, March 18, 2019 |
| Publication of the DPS in newspapers | Tuesday, March 26, 2019 | Tuesday, March 26, 2019 |
| Filing of the Draft Letter of Offer with SEBI | Tuesday, April 2, 2019 | Tuesday, April 2, 2019 |
| Last date for public announcement for competing offer(s) | Tuesday, April 16, 2019 | Tuesday, April 16, 2019 |
| Last date for receipt of comments from SEBI on the Draft Letter of Offer (in the event SEBI has not sought clarification or additional information from the Managers to the Offer) | Thursday, April 25, 2019 | Thursday, May 30, 2019* |
| Identified Date | Monday, April 29, 2019 | Friday, May 31, 2019 |
| Last date for dispatch of the Letter of Offer to the Shareholders of the Target Company | Tuesday, May 7, 2019 | Saturday, June 8, 2019 |
| Last date by which a committee of independent directors of the Target Company is required to give its recommendation to the Shareholders of the Target Company for this Offer | Friday, May 10, 2019 | Thursday, June 13, 2019 |
| Last date for upward revision of the Offer Price and/or the Offer Size | Monday, May 13, 2019 | Friday, June 14, 2019 |
| Date of publication of Offer Opening Public Announcement and Corrigendum, in the newspapers in which the DPS has been published | Monday, May 13, 2019 | Friday, June 14, 2019 |
| Date of commencement of the Tendering Period | Tuesday, May 14, 2019 | Monday, June 17, 2019 |
| Date of closure of the Tendering Period | Monday, May 27, 2019 | Friday, June 28, 2019 |
| Last date of communicating the rejection / acceptance and completion of payment of consideration or return of Equity Shares to the Shareholders of the Target Company | Tuesday, June 11, 2019 | Friday, July 12, 2019^ |
| Last date for publication of Post-Offer public announcement in the newspapers in which the DPS has been published | Tuesday, June 18, 2019 | Friday, July 19, 2019 |

* Actual date of receipt of SEBI's final observations on the Draft Letter of Offer.
^ The Acquirer shall complete the payment of consideration to the tendering shareholders on or before July 12, 2019.

9. ***Other Information:***

9.1. The Acquirer and its board of directors accept full responsibility for the information contained in this Offer Opening Public Announcement and Corrigendum, and for the Acquirer's obligations under the Offer. Except as mentioned otherwise in this Offer Opening Public Announcement and Corrigendum, all the information pertaining to the Target Company has been obtained from the information published and from publicly available sources and the accuracy thereof has not been independently verified by the Acquirer or Managers to the Offer.

9.2. In this Offer Opening Public Announcement and Corrigendum, all references to "Rs." Or "INR" are references to the Indian Rupee.

9.3. This Offer Opening Public Announcement and Corrigendum would also be available on SEBI's website (https://www.sebi.gov.in).

**Issued on behalf of the Acquirer by the Managers to the Offer:**

AXIS CAPITAL

**Axis Capital Limited**
Axis House, 1st Floor, C-2, Wadia International Center,
P. B. Marg, Worli, Mumbai 400 025
**Tel:** +91 22 43252183, **Fax:** +91 22 43253000
**Website:** www.axiscapital.co.in
**Email:** ml.openoffer@axiscap.in
**Contact person:** Ms. Mayuri Arya
**SEBI Registration Number:** INM000012029

citi

**Citigroup Global Markets India Private Limited**
1202, 12th Floor, First International Financial Centre, G-Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai 400098
**Tel:** +91 22 61759999; **Fax:** +91 22 61759898
**Website:** www.online.citibank.co.in/rhtm/citigroupglobalscreen1.htm
**Email:** mindtree.openoffer@citi.com
**Contact person:** Ms. Garima Maheshwari
**SEBI Registration Number:** INM000010718

**Registrar to the Offer**

LINK Intime

**Link Intime India Private Limited**
C-101, 247 Park, Lal Bahadur Shastri Marg, Vikhroli (West), Mumbai – 400 083
**Tel :** + 91 22 49186200
**Fax :** + 91 22 49186195
**Website:** www.linkintime.co.in
**Email:** mindtree.offer@linkintime.co.in
**Contact Person:** Mr. Sumeet Deshpande
**SEBI Registration Number:** INR000004058

**On behalf of the Acquirer**

**Sd/-**
**Authorised Signatory**

**Place: Mumbai**
**Date: June 13, 2019**

Adfactors 125

